आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 3 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 154 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

प्रधानमंत्री मोदी को बताना चाहिए वे अडानी पर जांच क्यों नहीं करते : राहुल

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज यहां कहा कि पीएम मोदी बताये कि अडानी की जांच क्यों नहीं करते। राहुल आज यहां नवा रायपुर में राजीव युवा मितान सम्मेलन में आये युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने कई वादे पूरे किए। सरकार ने बिजली बिल हाफ किया, कर्ज माफ किया। बीजेपी और पीएम मोदी 2-3 अरबपतियों के लिए काम करते हैं। पीएम मोदी को बताना चाहिए, कि वे अडानी पर जांच क्यों नहीं करते। कांग्रेस सरकार झूठे वादे नहीं करती। पीएम मोदी ने कहा कि, काला धन वापस आएगा। लेकिन उल्टा देश का धन बाहर जा रहा है। इंटरनेशनल न्यूज पेपर कह रहे हैं। अडानी के लिए नरेंद्र मोदी ने हजारों करोड़ रुपये बाहर भेजा और उसे पैसे को अडानी ने शेयर मार्केट में लगाकर शेयर खरीदे। सब कुछ एक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज युवाओं के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी

राहुल गांधी ने कहा कि आज युवाओं के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारियां है। छत्तीसगढ़ को आपको आगे ले जाना है। इसलिए ही हमने राजीव युवा मितान क्लब आपके लिए बनाये हैं। 3 लाख युवाओं को हमने राजीव युवा मितान क्लब से जोड़ा है। हम आपके लिए राजनीति के दरवाजे खोलना चाहते हैं। कुछ सालों में आपके बीच से ही एमएलए, प्रधान चुन कर आयें। आदिवासी भाइयों के लिए हमने पेसा कानून लाया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश की बागडोर नफरत फैलाने वालों के हाथ में

वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि दुर्भाग्य से देश की बागडोर नफरत फैलाने वालों के हाथ में है। लेकिन हमारी सोच वैसी नहीं है। बीजेपी की सरकार उद्योगपतियों के लिए काम करती है। कांग्रेस सरकार जनता के लिए काम करती है। कोयला खदानों जैसी छत्तीसगढ़ की कई संपदा को लूटने नहीं देंगे। बीजेपी सिर्फ लूट रही है। छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं को रोजगार की व्यवस्था कर रही है। कार्यक्रम में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छग को देश का लाजिस्टिकल सेंटर बनना चाहिए

पहले मैंने बघेल जी से एक बात कही, मैं जहां भी जाता हूं तो युवाओं से पूछता हूं कि आपकी सबसे बड़ी मुश्किल क्या है। वे बोलते हैं बेरोजगारी, मैंने श्री बघेल से कहा कि छत्तीसगढ़ में अलग अलग स्किल हैं। हर जिले में आप कुछ अलग सा बनाते हो। छोटे उद्यमियों को बैंक लिंकेज नहीं मिल पाता। मैंने मुख्यमंत्री बघेल से कहा कि आपका फोकस इन पर होना चाहिए। इसकी मार्केटिंग हो, मुझे खुशी है कि सीएम बघेल ने इस पर काम शुरू कर दिया है। इससे लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। छत्तीसगढ़ देश का केंद्र है। आपको देश का लाजिस्टिकल सेंटर बनना चाहिए। आप इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कीजिए ताकि छत्तीसगढ़ हिंदुस्तान का लाजिस्टिक सेंटर बन पाये। आप दुनिया को छत्तीसगढ़ से जोड़िये। इससे छत्तीसगढ़ के प्रोडक्ट केवल भारत ही नहीं, दुनिया में भी जाएं। मुझे लगता है कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है।

सत्ता में आए तो, भ्रष्टाचार करने वालों को सीधा करेंगे : शाह

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। जहां उन्होंने छग सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब शासन में आएंगे तो भ्रष्टाचार करने वालों को सीधा करेंगे। प्रदेश में शराब घोटाला, कोयला घोटाला, पदोन्नति भ्रष्टाचार घोटाला समेत कई मामलों को लेकर उन्होंने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। अमित शाह ने कहा आपसे निवेदन है कि एक बार फिर डबल इंजन की सरकार बनाए। आपने हमको तीन बार सत्ता में आने का मौका दिया और एक बार कांग्रेस का टेस्ट भी कर लिया है। लेकिन जो जहर होता है उसका टेस्ट नहीं करते हैं। कुछ ही साल में हम मोदी जी के नेतृत्व में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था होंगे। शाह ने अपने

संबोधन में छत्तीसगढ़ सरकार पर निशाना साधा और कहा कि घपले घोटाले और वादाखिलाफी की सरकार चल रही है। छत्तीसगढ़ को पटरी पर लाने के लिए यह आरोप पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि 15 साल तक रमन सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल वाजपेयी के मार्ग पर काम किया। 15 साल तक विकास की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शाह के भाषण की बड़ी बातें

- 18 के बाद आई सरकार ने पीएम का साथ देने के बजाय लूट-खसोट पर फोकस किया।
- 2019 में हमने 11 में से 9 सीटें जीती। 24 में हम 11 की 11 सीटें जीतेंगे।
- दिल्ली दरबार में एटीएम बनाकर छत्तीसगढ़ को विकास की राह से भटका दिया है।
- छत्तीसगढ़ में घोटालों और वादाखिलाफी की सरकार चल रही है।
- अगला चुनाव सीएम या दल बदलने के लिए नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ का भाग्य लिखने वाला चुनाव है।
- लोग तय करें कि धर्मांतरण करवाने वाली सरकार चाहिए या आदिवासी संस्कृति को जीवित करने वाली सरकार।
- पिछड़ा वर्ग का आधार चाहिए या इनके नाम पर हजारों करोड़ों का घोटाला।
- छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों को नौकरी चाहिए या दुबई में सट्टे का काम।
- छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार और घोटालों से सिर्फ भाजपा बचा सकती है।
- पूरे प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है।
- हमने गरीब की झोपड़ी तक राशन पहुंचाने का काम किया।
- कोरोना में हमने 5 किलो अतिरिक्त चावल भेजा।? इस सरकार ने उसमें भी घोटाला कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

वन नेशन वन इलेक्शन के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी बन गई है। संसद का विशेष सत्र भी बुलाया गया है। इससे स्पष्ट हो गया है कि सरकार एक देश एक चुनाव का रास्ता साफ करना चाहती है। इस पर चर्चा तो होनी ही चाहिए। 1967 तक जब लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं। तो ऐसा आगे भी क्यों नहीं होना चाहिए? यह भारतीय लोकतंत्र के हित में है। राष्ट्रहित में सभी राजनीतिक दलों को दलगत भावना से उपर उठकर एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर आपसी सहमति बनानी ही चाहिए।

आदित्य एल 1 पृथ्वी की कक्षा में पहुंचा, 16 दिन लगाएगा चक्कर

बेंगलुरु (एजेंसी)। चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग के 10वें दिन इसरो ने शनिवार को आदित्य एल-1 मिशन लॉच कर दिया। आदित्य सूर्य की स्टडी करेगा। इसे सुबह 11.50 बजे पीएसएलयू सी 57 के एक्सएल वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लांच किया गया। रॉकेट ने 63 मिनट 19 सेकेंड बाद आदित्य को 235 × 19500 किमी की पृथ्वी की ऑर्बिट में छोड़ दिया। करीब 4 महीने बाद यह 15 लाख किमी दूर लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूरज पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है। इसरो ने बताया कि आदित्य एल 1 की पहली ऑर्बिट राइजिंग 3 सितंबर को सुबह 11:45 बजे की जाएगी।

सूर्य की स्टडी क्यों जरूरी : जिस सोलर सिस्टम में हमारी पृथ्वी है, उसका केंद्र सूर्य ही है। सभी आठ ग्रह सूर्य के ही चक्कर लगाते हैं। सूर्य की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन है। सूर्य से लगातार ऊर्जा बहती है। इन्हें हम चार्ज्ड पार्टिकल्स कहते हैं। सूर्य का अध्ययन करके ये समझा जा सकता है कि सूर्य में होने वाले बदलाव अंतरिक्ष को और पृथ्वी पर जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

दो तरह से एनर्जी रिलीज करता है सूर्य

प्रकाश का सामान्य प्रवाह जो पृथ्वी को रोशन करता है और जीवन को संभव बनाता है और दूसरा प्रकाश, कणों और चुंबकीय क्षेत्रों का विस्फोट जिससे इलेक्ट्रॉनिक चीजें खराब हो सकती हैं। इसे सोलर फ्लेयर कहा जाता है। जब ये फ्लेयर पृथ्वी तक पहुंचता है तो पृथ्वी की मैंगनेटिक फील्ड हमें इससे बचाती है। अगर ये ऑर्बिट में मौजूद सैटेलाइटों से टकरा जाए तो ये खराब हो जाएंगी और पृथ्वी पर कम्युनिकेशन सिस्टम से लेकर अन्य चीजें ठप पड़ जाएंगी। इसीलिए इसरो सूर्य को समझना चाहता है। अब तक का सबसे बड़ा सोलर फ्लेयर 1859 में पृथ्वी से टकराया था। इसे कैरिंगटन इवेंट के नाम से जाना जाता है। सोलर फ्लेयर के कारण ग्लोबल टेलिग्राफ कम्युनिकेशन प्रभावित हुआ था।

8 को बाइडेन-मोदी की द्विपक्षीय बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 7 सितंबर को भारत के दौरे पर आ रहे हैं। वो 9-10 सितंबर को दिल्ली में होने वाली त-20 समिट में शामिल होंगे। इससे ठीक एक दिन पहले 8 सितंबर को बाइडेन पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। शनिवार को व्हाइट हाउस ने ये जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने बताया- दोनों नेताओं के बीच रूस-यूक्रेन जंग पर बातचीत होगी। इस दौरान इकोनॉमिक और सोशल लेवल पर जंग के असर को कम करने पर चर्चा होगी। इसके अलावा दोनों नेता गरीबी से लड़ने के लिए वर्ल्ड बैंक सहित दूसरे मल्टीलेटरल डेवलपमेंट बैंक की क्षमता बढ़ाने और दूसरे कई ग्लोबल चैलेंज पर भी बात करेंगे। दिल्ली यात्रा के दौरान बाइडेन जी-20 के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व की भी सराहना करेंगे। साथ ही वो आर्थिक सहयोग के प्रमुख मंच के तौर पर जी-20 के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करेंगे। 2026 में अमेरिका ही जी-20 समिट की मेजबानी करने वाला है। बाइडेन भारत में हो रहे जी-20 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

6 को इंडोनेशिया जाएंगे पीएम

पीएम नरेन्द्र मोदी 6 सितंबर को इंडोनेशिया के जकार्ता जाएंगे। पीएम वहां 20वीं आसियान-इंडिया समिट और 18वीं ईस्ट एशिया समिट में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीएम मोदी इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के बुलावे पर जकार्ता जा रहे हैं।

जेट-एयरवेज फाउंडर नरेश गोयल 11 तक ईडी कस्टडी में

नई दिल्ली (एजेंसी)। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने शनिवार को जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को मुंबई के पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने गोयल को 11 सितंबर तक ईडी कस्टडी में भेज दिया है। अब ईडी उनसे पूछताछ करेगी। उन पर 538 करोड़ रुपए के बैंक घोटाले का आरोप है। शुक्रवार को ईडी ने 74 साल के नरेश गोयल को पूछताछ के लिए मुंबई ऑफिस बुलाया था। पूछताछ के बाद देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। इसके पहले ईडी ने उन्हें दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वो पेश नहीं हुए थे। पिछले साल नवंबर में केनरा बैंक ने नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता सहित अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत की थी।

हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री गहलोत को जारी किया नोटिस

जयपुर (एजेंसी)। वकीलों के जजमेंट लिखकर लाने और ज्यूडिशियरी में भयंकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले सीएम अशोक गहलोत के बयान पर हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने गहलोत को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वकील शिवचरण गुप्ता की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। गहलोत के बयान के बाद शुक्रवार को उनके खिलाफ पीआईएल दायर कर जल्द सुनवाई का आग्रह किया गया था। हाईकोर्ट ने गहलोत को नोटिस जारी कर इस पर जवाब मांगा है कि उन्होंने किस आधार

पर बयान दिए। अदालतों में भ्रष्टाचार और वकीलों के जजमेंट लिखकर लाने के बयान का आधार पूछा गया है। गहलोत के बयान के बाद हाईकोर्ट में दायर याचिका में तर्क दिया गया था कि सीएम अशोक गहलोत ने जजों के साथ वकीलों की प्रतिष्ठा को कम करने वाले बयान दिया है। गहलोत ने अदालत की अवमानना की है, ऐसे में गहलोत के खिलाफ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डर की वजह से वन नेशन-वन इलेक्शन की बात : नीतीश

पटना (एजेंसी)। इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक के बाद बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने बड़ी घोषणा की है। नीतीश कुमार ने कहा कि 2 अक्टूबर से देशभर में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। हालांकि इस कार्यक्रम की क्या तैयारी है? कहां से इसकी शुरुआत होगी। इसे लेकर सीएम और उनकी पार्टी ने कोई जानकारी नहीं दी है। सीएम नीतीश ने कहा- गठबंधन जैसे-जैसे मजबूत हो रहा। बीजेपी घबराहट में है। चुनाव पहले कराने की तैयारी चल रही है। सीट शेयरिंग पर उन्होंने कहा कि सीट शेयरिंग में कोई समस्या नहीं आएगी। आपस

में बातचीत हो चुकी है। इसी महीने सब तय हो जाएगा। एकजुट होकर सभी नेता आगे बढ़ेंगे। यह बातें नीतीश कुमार ने शनिवार (2 सितंबर) को पटना में पूर्व सीएम दरोगा प्रसाद राय की जयंती पर राजकीय समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मुंबई में बैठक बहुत अच्छी हुई है। पांच कमेटी भी बना ली गई है। मिलकर चुनाव लड़ने की बात भी इसी बैठक में तय हो गई है। इसका असर यह है कि बीजेपी डर गई है। तभी तो केंद्र सरकार विधानसभा-लोकसभा चुनाव एक साथ करने की बात कह रही है। यह करना था तो जनगणना क्यों नहीं किए? हाउस में क्या करते हैं। हम तो पहले से ही कह रहे हैं कि चुनाव पहले कराने की तैयारी चल रही है। बीजेपी को खतरा महसूस हो रहा है। जैसे-जैसे गठबंधन मजबूत हो रहा है। उनकी परेशानी बढ़ रही है बहुत तरह की बात है। केंद्र सरकार को जो करना था। वो नहीं कर रहे हैं। बीजेपी बहुत ज्यादा घबराहट में है।

बालासोर रेल हादसा, सीबीआई चार्जशीट में 3 अफसरों के नाम

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा के बालासोर में 2 जून को हुए रेल हादसे में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की चार्जशीट में तीन रेलवे अफसरों के नाम हैं। तीनों पर गैर इरादतन हत्या और सबूत मिटाने के आरोप हैं। इनमें सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार शामिल हैं। 7 जुलाई को सीबीआई ने तीनों आरोपियों को अरेस्ट किया था। 11 जुलाई को कोर्ट ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। रेल हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 1200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

सीबीआई ने जुलाई में कहा था कि इन तीनों की लापरवाही के कारण ही हादसा हुआ था। जांच एजेंसी ने यह भी दावा किया था कि तीनों आरोपी जानते थे कि उनकी लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। दुर्घटना की जांच कर रहे रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जुलाई के शुरुआती सप्ताह में हादसे के लिए सिग्नलिंग विभाग के कर्मचारियों की मानवीय भूल को जिम्मेदार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

गरमाई सियासत

भूपेश सरकार की सफलता से भाजपा में राजनैतिक हताशा, आरोपों का कोई प्रमाण नहीं

बीजेपी के आरोप पत्र पर कांग्रेस का पलटवार, कहा- सीजी को बदनाम करने की साजिश

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किए। जिसके बाद कांग्रेस ने सभी आरोपों को नकारते हुए बीजेपी पर पलटवार किया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा के द्वारा लगाये गये आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि भाजपा के पास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरा के आगे कोई चेहरा नहीं है। सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के आगे कोई मुद्दा नहीं है। भूपेश सरकार में छत्तीसगढ़ का हर वर्ग खुशहाल हुआ है। भाजपा राजनैतिक हताशा में जो आरोप लगा रहे है उसका कोई प्रमाण नहीं है। भाजपा के आरोप पत्र से ही भूपेश बघेल की सफलता

साफ नजर आ रही है जिस छत्तीसगढ़ की संस्कृति भाषा और तीज त्योहार को भाजपा ने 15 साल तक दबाकर रखा था। अपने आरोप पत्र में भाजपा छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करने को मजबूर हुई है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति का यही सम्मान तो भूपेश बघेल चाहते है। जिन अमित शाह के ऊपर 1.45 लाख आरोप देश भर से केन्द्र सरकार पास पहुंचे है वे किस नैतिकता से कांग्रेस की लोकप्रिय सरकार के खिलाफआरोप पत्र जारी कर रहे है? भाजपा का आरोप पत्र में जो कार्टून बनाया है उसी से साबित हो रहा है कि इसी झूठे आरोप पत्र को बनाने के लिये भाजपा छत्तीसगढ़ में ईडी को गली मोहल्लों में घुमवा रही है। ईडी आईटी को लगाकर प्रदेश के 200 से अधिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ का विरोध करने लगी भाजपा

हाल ही में प्रधानमंत्री ने जिस अजीत पवार को 70 हजार करोड़ के सिंचाई घोटाले सहकारी घोटाले का प्रमुख आरोपी बनाया, भाजपा के सहयोगी बनते ही ईडी ने चार्ज शीट से नाम हटा दिया। अडानी के सेल कंपनी में लगे 20 लाख करोड़ रुपए किसका है इसकी जांच क्यों नहीं की जा रही है। भाजपा का आरोप पत्र झूठ का पुलिंदा है यह आरोप पत्र भूपेश सरकार के खिलाफ नहीं छत्तीसगढ़ की पौने तीन करोड़ जनता के खिलाफ लाया गया आरोप है। यह छत्तीसगढ़ को बदनाम करने की भाजपा की साजिश है। इस आरोप पत्र से साबित हो गया कि भाजपा कांग्रेस सरकार का विरोध करते-करते छत्तीसगढ़ की विरोध करने लगी है। यह आरोप पत्र छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री को बदनाम करने की साजिश है। छत्तीसगढ़ के तीज, त्योहार संस्कृति को सवंर्धित करने के प्रयासों पर आघात करने का प्रयास है।

सुनो भाई उधो

तै ठाढे राह मै आवत हौ

परमानंद वर्मा

भारत देश की दुर्दशा पर भगवान श्रीकृष्ण और उद्धव के बीच एक रोचक संवाद होता है। देश में अनीति, अन्याय, आतंक, अराजकता, भ्रष्टाचार, अत्याचार धर्म के आड़ में पाखंड, राजनीति से नीति गायब और राज (सत्ता) हथियाने के लिए धमाचौकड़ी, यही हाल अर्थ तंत्र और न्याय तंत्र में भी परिलक्षित हो रहा है। महंगाई में जनता पीस रही है। सर्वत्र त्राहि-त्राहि और हाहाकार मचा हुआ है। भगवान उद्धव से कह रहे हैं- उद्धव जब ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है तभी मैं अवतार लेता हूं और वो समय आ गया है। इसी संदर्भ में प्रस्तुत है यह छत्तीसगढ़ी आलेख।

भगवान श्रीकृष्णचंद्र मथुरा मं राज दरबार मं बइठे हे। चेहरा मं उदासी के भाव, चिंता फिकर के रेखा मस्तक मं साफ झलकत राहय। कोनो कोती ले उधो (उद्धव) दरबार मं जब पहुंचथे तब महाराज हाथ जोर के जोहार करथे। आज भगवान के चेहरा, मस्तक मं ओ खुशी अउ मुस्कुराहट नइ दीखत रिहिसे जइसन कभू दीखय।

उधो सोचथे का बात हे, मुरली मनोहर के होंठ मुस्कुराहट ल छोड़के कोनो बाग-बगीचा मं फूल के मकरंद कोती तो नइ चल देहे किंजरे बर? नहीं... नहीं... अतेक बड़े अपराध तो नइ कर सकय। मान लो भगवान ल मुरली के तान छेड़े के सुध आगे त बिना होंठ के कइसे तान छेड़ही।

उधो सोचथे, जरूर कुछ न कुछ बात जरूर हे, एकर पता लगाय ले परही। अइसन उदासी, खामोशी अउ मुरझावत चेहरा मैं नइ देख सकौं। कहूं राधा, रुखमणि अउ सत्यभामा मिलगे अउ भगवान के कुशलक्षेम पूछ परिस तब ओमन ल मैं का बताहौं?

उधो सोचथे- बड़ा मुसीबत हे। मुड़ी ल खजुवावत, सोचत-विचारत रहिथे। का करौं, कहां जांव, काकर से ये बात के दरियाप करौं के भगवान आज उदास काबर हे? अइसे तो नहीं के कोनो पटरानी मन कुछु उल्टा-पुल्टा गोठिया परिस होही, जइसन बात नइ कहना चाही?

फेर सोचथे- नहीं, कोनो अइसन वइसन बात नइ केहे सकय भगवान से अउ मने मन कहिथे- अरे का भरोसा नारी परानी मन के छेरी असन मुंह तो चलत रहिथे। ये जीभ तो आय, कहूं फिसल गिस होही, द्रौपदी सही। का कहना रिहिसे अउ का कहि परिस, उठेंवा मारे असन कांही बोल परिस होही, जउन बात ल भगवान धर लिस होही।

गोसइन मन के बात वइसने तो होथे। बने गोठियावत हन कहिके फेर तरी-तरी अइसे बिच्छी मारे असन बात के तीर चला देथे के ओ तीर वइसने छाती मां जाके चुभ जथे, जइसे महारानी कैकेयी के मारे बात के बान राजा दसरथ ल लग गे। उबर नइ सकिस बपरा गरीब राजा दसरथ। सहे नइ सकिस ओ तीर के दरद ला, अउ एक दिन तियाग दिस अपन तन ला।

उधो के पांव न भगवान कोती आघू बढ़ सकत हे, न पाछू घुंच सकत हे। का करौं, का नइ करौं इही सोचत-विचारत माधो जेने-मेर के तेने मेर डोमी सांप जइसे मुड़ी मार के एक तीर रुक रहिथे, वइसने हाल ओकर होगे राहय। भगवान से नजर तक नइ मिला सकत रिहिसे। ओहर देखही अउ पूछही तब का बताहौं, का गोठियाहौं, का जवाब देहौं, इही संसो धर खात रिहिसे।

लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण उहू तो बड़ा नटखट हे। देखत रिहिसे मन मं तमाशा, के उधो कइसे आघू बढ़त हे न पाछू घुंचत हे। बोलत-बतावत घला नइहे। मुक्का कठपुतली असन खड़े हे। उहू मने-मन सोचत हे, राह उधो तैं कतेक बेर ले अइसने मुक्का रहिबे?

भक्त वत्सल भगवान, ओकर मन के भाव ल जानगे के एकर मन मं का विचार चलत हे। सिंहासन ले उठ के ओकर तीर आथे, छाती लगाके पूछथे- हे सखा उधो, कहां, कोन सोच विचार मं खो गे रेहे। अइसन हाल तो मैं तोर पहिली बार देखे हौं।

भगवान मुरली मनोहर ल मुसकुरावत जब उधो ओला देखिस तब ओकर आंखी कोती ले परेम के आंसू बोहाय ले धर लिस। ओकर ये दशा ल देख के नंद नंदन पूछथे- का बात हे सखा?

उधो सब बात ल पलट देथे अउ उलट के पूछथे- भगवान तैं मोला पुछत हस मोर दशा? तैं अपन ल बता- तैं कइसे आज उदास, परेशान अउ बेचैन दीखत हस? तोर इही दशा ल देखके मैं सुकुड़दुम होगेंव। सदा गुलाब, कमल फूल सही खिले अउ मुसकुरावत चेहरा संझाती के बेरा मुरझाय फूल असन कइसे दीखत हे?

उधो कहिथे- अइसे तो नहीं के भगवान ला गोकुल के अपन ब्रजभूमि के सुरता आगिस होही, नंद बाबा अउ जसोदा मइका के सुरता आगिस होही, गोप-गुवालिन मन के सुरता आगिस होही, गउ माता, जमुना के घाट अउ बचपन मं कदम के पेड़ तरी जउन खेलकूद, चुहउल, डंडा नाच, अउ दही लूट, मटकी फोर, माखन चोरी सब एक-एक करके सुरता आगिस होही। उहू सुरता आवत होही ये सबो झन ला मैं जल्दी मुथरा ले लहूट के आहूं केहे रेहेंव, अउ नइ गेंव। लबारी मार दिस, भुलवार दिस लइका मन सही, इही सब सोचत होही। इस सोच मं भगवान बुड़े रिहिस होही?

अंतरयामी भगवान उधो के मन के सबो बात जानगे। ओला राज दरबार मं लाके ओकर जउन आसन हे तेमा बइठारथे। तेकर बाद कहिथे तोर सबो बात सही हे, फेर आज जउन बात मैं सोचत रेहेंव ओ अलग हे।

उधो पूछथे-ओ चिंता अउ फिकर के अइसे कोन से बात हे भगवान जउन तोला धर खाथे? थोरकिन ओ बात ल साफ-साफ बताते।

सुन उधो- मोला भारी चिंता सतावत हे, मोर भारत देश के। उहां अधरम बाढ़गे हे। पापाचार, भ्रष्टाचार, अनाचार, अत्याचार अतेक बढ़गे हे अउ बढ़ते जात हे, दिन दूनी रात चौगुनी। जेकर हाथ मं राज सत्ता होय, धर्म सत्ता हे, अर्थ सत्ता, नियाव के सत्ता हे, ये चारों पाया देश, समाज अउ जनता के सुरक्षा के नींव होथे। ओ चारों पाया आज डगमगाय ले धर ले हे। एमन अतेक मनमानी करत हे- करही अनीति जाय नहीं बरनी कस।

उधो ला कहिथे भगवान हा- तैं तो जानत हस, मोर काम ला। जब-जब होय धरम के हानि, बाढ़ही असुर अधम अभिमानी, तब-तब मैं का करथौं ?

भगवान कहिथे- उधो, मोर देश मं आज पाखंड होवत हे, धरम के नांव ले के, ओकर आड़ लेके सब अपन-अपन रोटी सेंकत हें। कोनो सत्ता मं आय के जुगाड़ करथे, तब कोनो करोड़पति, अरब-खरबपति बने के सपना देखत हे। नकली साधू-साध्वी के बाढ़ आगे हे मोर देश मं। कोनो ककरो बहू, बेटी, बहिनी अउ गोसइन ला सूर्पणखा काहत हे, तब कोनो शिखंडी। सब के जबान बेलगाम होगे हे, कैंची असन कच-कच चलत हे। मरयादा तार-तार होगे हे। धरम के रक्षक मन जब भक्षक होगे हे तब जनता ला कोन बचाही। सब त्राहि-त्राहि करत हे।

उधो पूछथे- तब एकर का उपाय हे भगवान, भारत के बूढ़त् बेड़ा ला कोन बचाही, पार लगाही। चिंता मत कर उधो- मोर देश के अइसन दुरदशा नइ देख सकौं, बहुत जल्दी मैं अवतार लेवइया हौं, अउ पापी, दुराचारी, अधरमी, भ्रष्टाचारी मन के नाश करके धरम के इस्थापना करिहौं। सब के दुख-पीरा ल हरिहौं। अउ हां, तै जा, ये बात के सब जघा ढिंढोरा पिटवा दे, तै ठाढे राह मै आवत है। सत्यमेव जयते, सत्यम् शिवम् सुंदरम् अउ अहिंसा परमो धर्म के रखवार ये धरती मं जल्दी अवइया हे।

गोठ के गाड़ी...

असल संतान

चम्पेश्वर गिरि गोस्वामी

संगी हो मैं अपन गोठ के गाड़ी ल स्टेसन ले छोड़त हंव अउ देखव भई जतका झन ल गाड़ी म बइठना हे तेन मन बइठ जावव बाद में ये झन कहिहू कि गाड़ी छूटगे काबर कि असल बात ये आय कि आप मन छूट जाहू.. मोर गोठ म आज सामिल हे भारत के वो असल संतान मन जउन मन दिन रात लगे हे हमर भुइयां के रखवारी म, न खाय के चिंता, न सोय के फिकर,बस रात अउ दिन सिरिफ अउ सिरिफ डिवटी। ओमन ला अतके पता हे कि जीवन मरण उपर वाला के हाथ हे अउ ये बात बढ़ अच्छा हे कि वोखर मन के जीवन देस के नाव हे। एक डहर हमर भाई बहिनी मन देस के खातिर अपन परान के बाजी लगाये बर तियार हें उहें दूसर कोती बइमान नेता मन पइसा बनाये के चक्कर म राजनीति ल धंधा बनाके रखे हें। भगत सिंह, सुखदेव,राजगुरु, खुदीराम बोस, सुभाष चंद्र बोस जइसन अउ अनेक दाई के शहीद संतान के धरती म एमन खुले आम गुंडा गर्दी करत हें, सब नरक के भागी हें, सबके हालत जेन थारी म खाथे उही थारी म छेद करइया अस हे। सबला सुरक्षा देवइया हमर भाई बहिनी मन असुरक्षित हे ओखर परिवार असुरक्षित हे ओखर परान पखेरू कब उड़ जाही ये बात के आकब ओमन ल खुद नइहे, पत्नी हा कब विधवा हो जाही, दाई ददा मन कब बिन संतान हो जाही, लइका मन कब अनाथ हो जाही एखर कोनो ठीकाना नइहे, असल म इही मन असल संतान हे, ये मन ल हमर कोटिशःनमन हे। संगवारी हो गोठ के गाड़ी हा धीरे धीरे कम होवत हे अउ आज हमर गाड़ी हा असल संतान स्पेसल रिहिस हे। त आवव एकता ले अपन जवान मन के तियाग अउ कुरबानी के गाथा ल गावन। काबर कि इखरे मन के उपर ही हिमालय ल गरब हे, भारत ल गरब हे। लेवव अबही गाड़ी ल रोकत हंव इही आखर संग...

तिरंगा के जय हमर झंडा के जय
त्याग तपस्या ले मोर संगी
हमला मिले हे विजय
तिरंगा के जय...

पाछू पलट के देखत-देखत

शत्रुघन सिंह राजपूत

बात ओ दिन के हे जब मनोरंजन के साधन कम रिहिस. गाँव म सब बर साइकिल घलो नोहर राहय. बइला-गाड़ी, भंइसा-गाड़ी, खासर के जमाना भूले-बिसरे दिन होगे. बइला-भंइसा ल बने खवा पिया के एक पइत फांद दे तहाँ ले धरसा, सड़क, पयडगरी, सब जगा गीत गावत चल.अइसे बइला घलो रिहिन जेन गाड़ीवान के बिना सामान ल मंजिल तक पहुंचा के सांस लेंय. बइला के गला म सुंदर सोहई अउ घाँघरा बंधाय रहे. बइला के रेंगे, दउड़े ले घाँघरा के अवाज मन ल खुश कर देय. तइहा के बइला-भंइसा मन खूब ताकत वाले होंय. मन भर चारा चरें अउ कस के मिहनत करें. कोढ़िया बइला, भंइसा मन ल छांट के अलग कर दे जाय. उन गोबर देंय त खातू-कचरा के काम आय. लोगन पैदल/साइकिल से मिलों के सफर तय करें. तंदरूस्त राहँय. किसान के घर के बाहिर म घुरूवा राहय. गोबर अचरा-कचरा सब घुरवा म फेंके जाय. घर के खातू खेत-खार म जाय। फेर रासायनिक खातू के जोर बाढ़ीस। अब छत्तीसगढ़ म गोबर के महत्ता फेर स्थापित होय हे. सरकार जैविक खातू बर खूब जोर देवत हे. वर्मी खातू के उपयोग होवत हे।

धांवरा अउ चितकबरा बइला

धांवरा अउ चितकबरा बइला समेत बड़े जांगर के भंइसा गाँव म अलगे दिखे. एक्का-दुक्का मन तिर फटफटी राहय। ओखरो ले जेन बड़हर होय तेंन गौटिया मंडल करा चार चक्का दिख जाय। उहू चार चक्का के नाज-नखरा खूब होय। पेला-पेली म भुर्र-भार्र भुर्र-भार्र करे नंगद ले धुंगिया छोड़ तब जा के स्टाट होय. कभू चले त मन भर चले, नहिं चले त अड़ जाय। अड़ीयाय कार ल पेलइया-ढकलइया के तन-बदन ले तर-तर तर-तर पछीना छूटे। कार के नखरा देखे बर बस्ती भर के मनखे जुरिया जाँय। भीड़ देख के कार मालिक के सीना चवड़ा होय। साइकिल आम मनखे के आवागमन के परमुख साधन राहय। अब के लइका मन ल साइकिल चलाय म सरम लागथे। पिटरोल वाले दुपहिया वाहन के बिना घर ले बाहिर कदम नइ रखें। जबकि साइकिल स्वास्थ्य बर वरदान हे। यातायात के साधन कम से कम रिहिस।

बस्ती बोले सांय- सांय

गाँव-गंवई म संझा होते साठ सोवा पर जाय। उही मन जागें जेखर बुता राहय. सात-आठ बजे तक बस्ती सांय-सांय बोले। कुलुप अंधियार हो जाय। बिजली कोनो-कोनो गाँव म आना शुरू होय रिहिस। चिमनी-कंदील, मसाल संगवारी रिहिस. रात म कुकुर भूकें, अपन बस्ती म शेर हो जाँय। घुट्कुरी तीर के गाँव म जंगली जानवर मन के आरो मिले। उन अपन इलाका म गश्त देंय.. मूंदरहा ले लइका, सियान, जवान सब उठ जाँय। घर, बारी-बखरी, खेती-खार,बियारा के बुता शुरू हो जाय। तइहा के मनखे अब के मनखे कस सुखियार नइ रिहिस. खूब कमाय-खांय। बटकी म बासी, बंगाला के चटनी नहिं त सुक्खा मिर्चा, लसून, नून के चटनी, भूरका, गोंदली होगे त जान राज भोग होगे. गरमी के दिन म बासी-बोरे म दही-मही डार के खाय के मजा खवइयाच मन जानहीं. पहिली हांड़ी या हंडिया (मिट्टी की हंडी), म भात रांधे,अउ कनौजी म पसाय जाय. माटी के बरतन म भोजन के सुवाद बाढ़ जाय। एमा बासी-बोरे घलो रखे जाय.खवइया मन ल खूब आनंद आय। माटी के कड़ाही म साग रांधे। रंधइया मन पीतल के बटलोही, कड़ाही, लोहा के कड़ाही, पीतल अउ लोहा के करछूल ,डूआ के परयोग करें। फेर जरमनी के बर्तन आगे। यहू कुछ बरस चलिस। पीतल, कांसा, लोहा, जरमनी के बरतन के परयोग होइस हे. फेर जमाना स्टील के आगे। स्टील घरों घर छा गे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

राखी बांधे भाई का कितना सुंदर

राखी बाँधे भाई का, कितना सुंदर हाथ। बहन दुआएँ कर रही, बना रहे ये साथ।। बहन-भाइयों से भरे, सभी हाट-बाज़ार। सबको देता है खुशी, राखी का त्यौहार। माँ तक ही है मायका, राखी हो या दूज। बहनों को तक़दीर से, भाई पाते पूज।। राखी का संदेश है, भाईचारा-प्यार। जातिधर्म से है परे, राखी का त्यौहार।। **शुचि 'भवि'**

भोला की महिमा अति न्यारी, भोले

भोला की महिमा अति न्यारी, भोले वरदानी हैं भोला। भोला नाग कंठ में पहने, चंद्र शीश हैं धारे भोला। गंगा धरा भागीरथ लाए,पुरखों की भव तारिणी गंगा भोला वेग जटा में बांधा, ऐसे समरथ अपने भोला भोला ने ही पिया हलाहल, मस्त मलंगा रहते भोला। भोला की महिमा अति न्यारी, भोले वरदानी हैं भोला। **रजनी रामदेव**

खास पाती | क्या होता अगर यशोधरा भी निकल

क्या होता अगर यशोधरा भी निकल जाती बुद्ध बनने क्या होता अगर छोड़ जाती गौतम को घर पर ही क्या होता अगर राहुला पलता पिता संग बिन मां के क्या होता अगर वो नारी वन को चली जाती अकेले ही क्या ज्ञानी नही पाती यशोधरा क्या पलता नही राहुला क्या पवित्र रह पाती यशोधरा क्या बुद्ध होती वो या कलंक कहलाती नारी के नाम पर ज़माना नही नारी का तब था ना वन ही नारी का कभी रहा नारी से संसार सारा पर नारी का संसार कहां। **प्रीति श्रीवास्तव**

उल्फ़त की एक शाम हज़ार ख्वाहिशें

उल्फ़त की एक शाम हज़ार ख्वाहिशें साथ मेरे सब है तेरे नाम लफ़्ज़ों की करामात लफ़्ज़ों ने बुनी कारीगिरी वो शब्द सारे ढल गए कह गई शायरी एक तुझमें तुझ से मिल फिर प्रेम की धुन है कही.. ये शाम तेरे नाम उसी की ज़मी उसी का आसमां हूँ वो जहाँ- जहाँ है मैं वहाँ-वहाँ हूँ कि दिल के सरज़मीं एक नाम तेरा लिखा! **नंदिता तनुजा**

अभी हाल ही में एक प्रश्न फिर उठ

अभी हाल ही में एक प्रश्न फिर उठ खड़ा हुआ कि अमेरिका अनेक अभियान चलाने के बाद भी चांद पर काफी सालों तक क्यों नहीं गया तो एक साधारण दृष्टि से सोचा जाए तोयदि चांद पर मानव बस्ती किसी भी रुप में होती वहां का मुहावरा होता बस्ती बसाते ही उल्कापात हो गया। वहां की धरती के गड्ढे गवाह हैं वहां उल्का पात होता है और वातावरण न होने के कारण उल्का वहां की धरती से टकराती हैं। अब यदि वहां बस्ती बसाई जाए या प्रयोगशाला बनाई जाए तो वहां पर उल्का पात की सम्भावित आपदा को भी दृष्टि में रखना होगा। पृथ्वी पर मौसम का अनुमान और चांद पर उल्कापात का अनुमान और उल्का डिजास्टर मैनेजमेंट व डिफेंस सिस्टम विकसित करना होगा। **नवीन शंकर शर्मा**

गिरकर उठा फिर नादानियां

गिरकर उठा फिर नादानियां न रहा छंट गयी कुहासे मजबूरियां न रहा जैसे मिलती है समुन्दर से कई दरिया मैं करिया था पहले अब करिया न रहा। **सुरेश वैष्णव**

क्या खोना है, क्या पाना है

क्या खोना है, क्या पाना है, जो मिलना वो गुम जाना है सांसें होतीं खर्च सपन पर, दौड़ा-भागी है जीवनभर, रेत पे लिखनी एक कहानी, जिसे लहर से धुल जाना है तेज हवा मे बही उमरिया, झूला, गुड़िया, चूल्हा-चकिया, कुछ रचने का भरम पाल कर, इक दिन मिट्टी हो जाना है । **निश्चय बाजपेई**

फील्ड में I.N.D.I.A गठबन्धन

फील्ड में I.N.D.I.A गठबन्धन कैसे काम करेगी छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान में आप पार्टी के साथ सीट का बंटवारा होगा क्या? जिनको भी राजनीति का तनिक भर ज्ञान है सबको पता है गठबन्धन के तमाम छेत्रिय पार्टी भाजपा से ज्यादा कांग्रेस का हार संजोय बैठे होंगे ताकी स्वयं मजबूत बन सके और कांग्रेस से ज्यादा मजबूत हो सके। बहरहाल जब गठबन्धन का नाम? I.N.D.I.A रखे है तो हर भारतीय का सवाल लाजमी है।। **अंबर दानी**

देश से बढ़कर नही है कुछ यहां

देश से बढ़कर नही है कुछ यहां पर भूमि से बढ़कर नही है कुछ यहाँ पर जो हिफाजत हिन्द की करते सदा सैनिको से बढ़ नही है कुछ यहां पर माथ पर माटी सजा लो देश की सब देश रज से बढ़ नही है कुछ यहां पर धूल में मिलना पड़ेगा हर किसी को आदमी तक भी नही है कुछ यहां पर जिन्दगी को रोशनी देता सदा है ज्ञान से बढ़कर नही है कुछ यहां पर छीन लो खुशियां समय से,खुश रहो बस बिन खुशी,जीवन नही है कुछ यहां पर हो अगर बीमार तो,भाता नही कुछ बन निरोगी, धन नही है कुछ यहां पर। **शालिनी शर्मा**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 03 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः- 1650: इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच डनबर की लड़ाई। 1791: फ्रांस की नेशनल एसेंबली ने फ्रांसीसी संविधान को पारित किया। 1783: अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ युद्ध समाप्त हो गया। 1833: अमेरिका में पहली सफल समाचार पत्र 'न्यूयार्क सन' बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया। 1900 : रूसी सेना ने आमूर नदी पर नियंत्रण स्थापित किया। 1918: प्राचीन इस्लामी नगर दमिश्क़ पर ब्रिटेन की सेना का अधिकार हो गया। 1921: बेल्जियम में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई। 1923: तबला वादक पंडित किशन महाराज का जन्म हुआ था। 1924: चीन में गृह युद्ध की शुरुआत हुई। 1939: जर्मनी के पोलैंड पर चढ़ाई करने के दो दिन बाद ब्रिटेन-फ्रांस ने उसके खिलाफ जंग का ऐलान किया। 1939 : ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविले चेम्बरलिन द्वारा एक रेडियो प्रसारण पर ब्रिटेन और फ्रांस का जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ। 1943: दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने इटली पर हमला किया।

QUIZ TIME

1) किसने अजरबैजान ग्रैंड प्रिक्स 2023 जीती है?

2) भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज (अंजी खड्ड) कहाँ बनकर तैयार हुआ है?

3) यूरोप का गर्म कम्बल के नाम से प्रचलित जलधारा कौन-सा है?

4) मानव शरीर में पुच्छ कौन-सी संरचना में संलग्न होता है?

5) प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब रेस पूरी करने वाले भारतीय कौन बने है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मैक्स वर्स्टापेन (2) जम्मू कश्मीर (3) गल्फस्ट्रीम (4) [illegible] (5) अभिलाष टॉमी

आज का पंचांग (रविवार 3 सितंबर)

सूर्योदय : 06:10, सूर्यास्त : 06:43
चन्द्रोदय : 20:17, चन्द्रास्त : 08:10

अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतु : शरद, शक सम्वत :1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : भाद्रपद, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : रेवती, योग : शूल (09:22 से गण्ड), प्रथम करण : वणिज (10:15 तक), द्वितीय करण : विष्टि (20:49 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : सिंह, चंद्र : मीन, मंगल : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : सिंह (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी) शुक्र : कर्क (उदित, पश्चिम) शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री) राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:51 से 12:42
अमृत काल : 08:12 से 09:38
विजय मुहूर्त : 14:24 से 15:15
गोधूलि मुहूर्त : 18:39 से 19:01
सायाह्न सन्ध्या : 18:39 से 19:46
निशिता मुहूर्त : 23:54 से 00:39
ब्रह्म मुहूर्त : 04:24 से 05:09
प्रातः सन्ध्या : 04:47 से 05:54
राहुकाल : 16:30 से 18:00
राहुवास : पूर्व
यमगण्ड : 13:52 से 15:28
होमाहुति : मंगल, दिशाशूल : पूर्व
अग्निवास : पाताल (20:49 से पृथ्वी), भद्रावास : मृत्यु (10:15 से 20:49), चन्द्रवास : उत्तर, शिववास : क्रीड़ा में (20:49 से कैलाश पर)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन आप सभी कार्यो में लापरवाही करेंगे अथवा जल्दबाजी में करने का प्रयास करेंगे जिसमें हानि निश्चित रहेगी।

वृष : आज का दिन आपकी अपेक्षाओं के अनुसार रहेगा। सामाजिक एवं पारिवारिक क्षेत्र पर आज आप भाग्यशाली माने जाएंगे।

मिथुन : आज का दिन मंगलदायक रहेगा। धर्म-कर्म में रूचि रहेगी धार्मिक यात्रा अथवा दान-पुण्य के अवसर मिलेंगे परन्तु व्यावसायिक क्षेत्र पर विलम्ब के कारण अनुबंध हाथ से निकल सकता है इसको ज्यादा महत्त्व भी नहीं देंगे।

कर्क : आज के दिन आपकी आध्यात्मिक रूचि बढ़ेगी सत्संग प्रवचनों का लाभ लेंगे।

सिंह : आज दिन भर असंयमित दिनचर्या के कारण शारीरिक रूप से शिथिलता रहेगी।

कन्या : आज का दिन व्यवसायियो के लिए उत्तम रहेगा अधूरे कार्य पूर्ण होने से धन की आमद होगी।

तुला : आज के दिन आप किसी के बनते काम में अकारण ही टांग अडायेंगे जिससे घर एवं बाहर के लोग नाराज रहेंगे।

वृश्चिक : आज आप संबंधों को लेकर ज्यादा गंभीर रहेंगे जिससे कुछ दिनों से चल रही पारिवारिक खटास में कमी आएगी।

धनु : आज का दिन भी बेवजह की गरमा-गरमी होने से अशान्त रहेगा।

मकर : आज के दिन आप कार्यो से समय निकाल मन्त्र-टोटको की तरफआकर्षित होंगे जिसमे कोई सफलता ना मिलने से समय एवं धन दोनों व्यर्थ होने की संभावना अधिक रहेगी।

कुंभ : आज के दिन कई मांगलिक प्रसंग बनने से मन शांत रहेगा। घर में अथवा धार्मिक क्षेत्र की पूजा पाठ में सम्मिलित होने के अवसर मिलेंगे।

मीन : आज के दिन आप निश्चिन्त होकर प्रत्येक कार्य करेंगे आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर बनेगी जिससे आज हानि लाभ का कोई विशेष प्रभाव दिनचर्या पर नहीं रहेगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -174

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

1	2	■	3	4	5	■	6	7
■	8	9				■	■	
10			■	11		12	13	■
14		■	15	■	■	16		17
	■	18		19	20	■	21	
22			■	23		■	■	
■	■		■		■	24	25	
26				■	27			■
	■		■	■	28			

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 173 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा	■	म	हा	र	त
क	■	ह	■	■	■	■	ज	न
■	जा	न	की	■	क	म	नी	य
■	■	त	म	क	ना	■	■	■
म	■	■	त	ह	त	■	दा	ब
सी	मा	■	■	ला	■	स	न	द
हा	थ	म	ल	ना	■	वा	■	च
■	■	द	■	■	घा	ल	मे	ल
■	ब	द	ह	वा	स	■	■	न

नवनियुक्त 2 हजार शिक्षकों को राहुल गांधी ने बांटे नियुक्ति पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को नवा रायपुर के मेला ग्राउंड में आयोजित 'राजीव युवा मितान सम्मेलन' में प्रदेश में नवनियुक्त 2000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। सम्मेलन के मंच से प्रतीक स्वरूप इनमें से 20 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे सहित मंत्रिमण्डल के सदस्य, संसदीय सचिव, विधायक, निगम मण्डल के अध्यक्ष तथा अनेक जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित थे।

राज्य गठन के बाद प्रदेश में पहली बार शिक्षकों की सीधी भर्ती की गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मार्च 2019 में व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के 14,580 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापित पदों के विरुद्ध कुल 10,834 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा चुका है। वर्तमान में मई 2023 में 12,489 व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पदों में सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया। मुख्यमंत्री बघेल द्वारा 12 अगस्त, 2023 को इस भर्ती में व्याख्याता पद पर चयनित 232 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। शिक्षक के विज्ञापित 5772 पदों में से 3449 पदों के लिए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किया जा रहा है। इनमें से 2000 अभ्यर्थियों को आज राजीव युवा मितान सम्मेलन में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। सहायक शिक्षक के 6285 पदों के लिये अभ्यर्थियों की ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रियाधीन है, शीघ्र ही इन्हें नियुक्ति आदेश जारी किया जायेगा।

4 हजार शिक्षकों का पदस्थापना संशोधन आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने स्कूल शिक्षा विभाग में 4000 से अधिक शिक्षकों के पदोन्नति के बाद पदस्थापना संशोधन आदेश को रद्द कर दिया है।

स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सौंपी गई जांच रिपोर्ट और सिफारिश के बाद मुख्यमंत्री ने इससे संबंधित आदेश दे दिए हैं। जून-जुलाई में जारी हुए पदोन्नति, पदस्थापना संशोधन आदेश में यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। इसके पहले प्रारंभिक जांच के आधार पर विभाग ने 4 संभागायुक्त समेत 10 अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। इस संशोधन आदेश सूची को रद्द करने के पहले सरकार ने हाईकोर्ट में केविएट दायर कर दिया था ताकि शासन के आदेश के विरुद्ध शिक्षक कोर्ट गए भी तो पहले सरकार का पक्ष सुना जाए। हालांकि अभी सूची रद्द करने का आदेश सार्वजनिक नहीं हुआ है। मगर, इसकी चर्चा से शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। गौरतलब है कि इस प्रकरण पर खुद मुख्यमंत्री नजर रखे हुए हैं। उनके आदेश के बाद ही विभाग ने संभागों के संयुक्त संचालकों से पदोन्नति और पदस्थापना संशोधन आदेशों की जानकारी मांगी थी और जांच में तेजी आई थी। जून-जुलाई में संयुक्त संचालकों ने पदोन्नति के दौरान हुई काउंसिलिंग में शहरी क्षेत्रों के पदों को छिपा लिए थे। दुरस्थ अंचलों में पदोन्नति के बाद शहरी क्षेत्रों के लिए 1 से 1.50 लाख रुपए लेकर संशोधन आदेश निकाले थे। इस मामले में डीईओ, बाबुओं पर भी कार्रवाई हो सकती है। इसे अब तक 400 करोड़ का स्कैम कहा जा रहा है।

व्यवहार न्यायाधीश की परीक्षा आज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा व्यवहार न्यायाधीश की प्रवेश स्तर परीक्षा 03 सितंबर को ली जाएगी। एक पाली में यह परीक्षा सुबह 11 बजे से 01 बजे तक होगी। रायपुर जिले में इस परीक्षा के लिए 32 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इस परीक्षा में साढ़े तेरह हजार से अधिक अभ्यर्थियों की शामिल होने की संभावना है। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के आयोजन के लिए जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टोरेट परिसर स्थित कक्ष क्रमांक 06 में परीक्षा संबंधी नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है।

आरडीए में ऑनलाइन भुगतान सुविधा प्रारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण ने आवंटितियों को अपनी संपत्तियों की राशि भुगतान करने के लिए ऑनलाइन पेमेन्ट की सुविधा प्रारंभ कर दी है। रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश साहू के अनुसार भुगतान करने हेतु आवंटितियों को प्राधिकरण से उनके मोबाईल पर एसएमएस से डिमान्ड नंबर मिलेगा। इसके बाद भुगतान के लिए आवंटितियों को प्राधिकरण की वेबसाईट आरडीए डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओवी डॉट इन पर जाना होगा। वेबसाईट में ऊपर दाहिनी ओर अंग्रेजी में ऑनलाईन पेमेन्ट का मेन्यू दिखेगा। इसमें क्लिक करने पर ऑनलाईन भुगतान हेतु ई-लिंक में स्थानांतरित किया जाएगा। जिसमें ऑनलाईन विंडो खुल जाएगी। इसमें डिमान्ड नंबर डालते ही आवंटिति के भुगतान का विवरण उसकी संपत्ति के विवरण के साथ आ जाएगा। भुगतान किन किन मदों में होगा इसका विवरण होगा। इसमें दर्शित कुल राशि का भुगतान हेतु नीचें दाहिनी ओर मेक ऑनलाईन पेमेन्ट का बटन क्लिक करना होगा। इससे बाद पेमेन्ट इन्फरमेशन विंडो खुलेगी। जिसमें भुगतान हेतु क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग तथा यूपीआई के विकल्प उपलब्ध होगा। यूपीआई के अंतर्गत भीम यूपीआई, पे-फोन, जीपे (तेज), पेटीएम व व्हॉट्सएप्प के माध्यम से भुगतान किया जा सकेगा। यूपीआई से भुगतान के लिए क्यू आर कोड से भुगतान हो सकेगा। भुगतान के बाद इसकी रसीद भुगतानकर्ता प्रिन्ट कर सकेगा। रायपुर विकास प्राधिरकरण व्दारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रायपुर विकास प्राधिकरण ने अपने आवंटितियों और बकायादारों को एक मुश्त बकाया राशि भुगतान करने पर सरचार्ज राशि में 30 से 50 प्रतिशत तक की 31 अगस्त 2023 तक छूट देने की घोषणा की थी। फ लस्वरुप राशि का ऑनलाईन भुगतान भी किया जा सकता है। रिफंड की स्थिति में ऱाशि खाते में रिफंड की जाएगी।

युवती ने पहले मोबाईल को पत्थरों से कुचला फिर फंदा बांध कर ली आत्महत्या

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सेजबाहर इलाके में एक युवती ने आज दोपहर पेड़ पर फंदा बांधकर आत्महत्या कर ली है। युवती ने मरने से पहले खुद के मोबाइल को पत्थरों से कुचल दिया। फिर मौका देखकर सड़क किनारे मौजूद पेड़ पर लटककर जान दे दी। ये पूरा मामला मुजगहन थाना क्षेत्र का है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, युवती का नाम पायल गेंदरे है। जो डोमा गांव की रहने वाली है। वो आसपास के घरों में साफ सफाई का काम करती थी। कुछ महीनें पहले वो एक डॉक्टर के घर पर भी काम किया करती थी। आज दोपहर करीब 3 बजे युवती अपने ही गांव के पास सेजबहार इलाकें में पहुंची। उसने वहां पर एक सुनसान मकान के बाहर मौजूद बबूल के पेड़ पर लटककर फांसी लगा ली।

युवती ने सुसाइड करने से पहले अपने मोबाइल फोन को पास पड़े पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया। जिससे वो चकनाचूर हो गया। फिर उसने अपनी पहनी हुई चुन्नी से फंदा बना लिया और झूल गयी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। हालांकि लाश के आसपास से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस ने बताया कि युवती ने जिस तरह गुस्से में आकर अपना मोबाईल फोन कुचला है। उससे लव एंगल पर भी जांच की जा रही है।

इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला, दो कंपनियों ने जमा कराया एक करोड़

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा शासन काल में वर्ष 2006 में हुए 17 साल पुराने इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला मामले में दो दिन के भीतर सर्वना व्यापार प्रा लि कंपनी और उपकार मर्चेंट प्रा लि ने चेक के जरिए कुल एक करोड़ रूपये जमा कराया गया।

अब तक विभिन्न कंपनियों ने बैंक में 2.43 करोड़ रूपये जमा कराए है। जानकारी के अनुसार इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक में 54 करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला हुआ था। इसमें 30 हजार खाते धारकों की बैंक में जमा रकम डूब गई थी। इस दौरान तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा कोई सख्ती नहीं बरती गई। इसके चलते किसी भी खाताधारक को रकम वापस नहीं मिली। वर्ष 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद बैंक घोटाले की जांच करने के आदेश दिए गए।इसके बाद कोर्ट और पुलिस ने इसमें शामिल सभी आरोपितों को नोटिस जारी किया। इसकी तामिली होते ही बैंक में फर्जी दस्तावेज के आधार पर क्रेडिट लेने वाले चार कारोबारियों ने 1.43 करोड़ 50 हजार रुपए जमा कराया। इसके बाद विभिन्न कंपनियों की ओर पैसे जमा कराने का सिलसिला जारी है। छत्तीसगढ़ शासन के उप महाअधिवक्ता संदीप दुबे ने बताया कि शुक्रवार को सर्वना व्यापार प्रा लि की ओर से 13 लाख रुपये और उपकार मर्चेंट प्रा लि ने 12-12 लाख के दो चेक और 13-13 लाख के दो चेक कुल एक करोड़ रुपये इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक में जमा कराया गया, जबकि गुरुवार को रसना रसना कामर्शियल प्रालि ने सात लाख, पांच लाख, 15 और 10 लाख कुल 37 लाख रूपये जमा कराया गया था।बैंक से लोन लेने वालों में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के 35 कंपनिया शामिल हैं।

मतदाता बंधन बांधकर दिया वोटिंग का संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप अंतर्गत जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जोर -शोर से किया जा रहा है।

इसी कड़ी में रक्षा बंधन त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए दुर्गा कॉलेज में युवा मतदाताओं ने राखी थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में घूम घूम कर एक दूसरे को राखी के स्थान पर मतदाता बंधन बांधकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। दुर्गा महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने एक दूसरे को चुनेई चिरई राखी बांधकर अवश्य ही मतदान करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में दुर्गा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार विशेष रूप से उपस्थित रही। स्वीप नोडल ऑफि सर सुनीता चंसोरिया, स्वीप केंपस एम्बेसडर दीपा यादव एवं कॉलेज के ऑफिस स्टाफ प्राध्यापक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कैंपस एंबेसडर दीपा यादव ने कहा कि सभी जो नव प्रवेशी छात्र-छात्राएं हैं अपना वोटर आईडी कार्ड अवश्य बनाएं। प्राचार्य डॉ प्रतिभा मुखर्जी साहूकार ने छात्र-छात्राओं से अपील की वे मतदान अवश्य करें।

22.81 लाख का गबन फर्जी एजेंट को कैद

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जीवन बीमा निगम के हितग्राहियों का 22 लाख 81 हजार 705 रुपए गबन करने वाले बीमा एजेंट भवानी शंकर तिवारी को कोर्ट ने तीन वर्ष की कैद और 2.60 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर आरोपित को छह माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक रजत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुंगेली निवासी उमा तिवारी को भारतीय जीवन बीमा निगम(एलआइसी) द्वारा एजेंसी दी गई थी, लेकिन उसका पुत्र भवानी शंकर तिवारी बिना अनुमति के फर्जी तरीके से बीमा एजेंट का काम करता था। हितग्राहियों से बीमा प्रीमियम का पैसा लेने के बाद वह खर्च कर देता था।

यह सिलसिला 2010 से 2012 के बीच चलता रहा। किश्त की

बीएड अभ्यर्थियों को राहत, शिक्षक भर्ती काउंसिलिंग में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सहायक शिक्षक भर्ती के लिए ऑनलाईन काउंसिलिंग में बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थी को शामिल किया जा रहा है। ऑनलाईन काउंसिलिंग में 1 से 7 सितंबर तक पूर्व में जारी कट ऑफ रैंक के भीतर आने वाले बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग लेंगे। केवल अनुसूचित जाति बहुविकलांग वर्ग (एमसी) में 117667 कट ऑफरैंक के भीतर के अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है। सहायक शिक्षक पद पर होने वाली समस्त नियुक्तियां हाई कोर्ट में दायर याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी.एस. 5788/2023 एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एस.एल.पी. (सिविल) डायरी नम्बर 35325/2023 में पारित निर्णय के अधीन रहेगी। गौरतलब है कि हाई कोर्ट द्वारा याचिका कमांक डब्ल्यू.पी.एस. 5788/2023 में 21 अगस्त को पारित आदेश में सहायक शिक्षक पद के लिये डी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल करने आदेशित किया गया था और बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रक्रिया में स्थगन दिया गया था। इस स्थगन आदेश के परिपेक्ष्य में ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रिया 23 अगस्त से 30 अगस्त तक सायं 5.00 बजे तक की गई थी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इसे 07 सितम्बर सायं 05.00 बजे तक बढ़ाया गया है। हाई कोर्ट में पारित आदेश 21 अगस्त के विरूद्ध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थगन दिया गया है। अतः 01 सितंबर से 07 सितंबर तक पूर्व में जारी कट ऑफ रैंक के भीतर आने वाले बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रकिया में शामिल किया जा रहा है, केवल अनुसूचित जाति बहुविकलांग वर्ग (एमसी) में 117667 कटऑफ रैंक के भीतर के अभ्यर्थियों को भी नियमानुसार शामिल किया गया है।

गाय नीलामी में बैकफुट पर आया निगम, नीलामी निरस्त की

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम की ओर से आवारा पशुओं की नीलामी का मुद्दा विवादों में घिर गया है। पहले भाजपा और फि र गौ सेवा करने वाले संगठन के कड़े विरोध के बाद जोन 9 में 1 सितंबर को होने वाली 51 गायों की नीलामी रद्द कर दी गई है। जोन कमिश्नर का कहना है कि चिकित्सकीय कारणों की वजह से नीलामी रद्द की गई है। इससे पहले जोन 6 में भी गायों की नीलामी रखी गई थी, लेकिन कोई खरीदार नहीं मिलने की वजह से नीलामी रद्द कर दी गई थी। अब जोन 8 और 5 में भी होने वाली गायों की नीलामी रद्द करने की तैयारी कर ली गई है। हालांकि इन दोनों जोन वालों ने अभी तक नीलामी की तारीख तय नहीं की थी। सड़कों पर हादसों को रोकने के लिए प्रशासन और निगम की ओर से आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ही आवारा पशुओं खासतौर पर गाय और बछड़ों को सड़क से उठाकर कांजी हाउस और गौठानों में रखा गया था। करीब एक महीने में 2500 से ज्यादा पशु पकड़े गए थे। इनमें से बहुत कम मालिकों ने ही जुर्माना देकर पशुओं को छुड़वाया। बाकी जानवर अभी भी कांजी हाउस और गौठानों में ही हैं। दोनों जगहों पर ही पशुओं को रखने के लिए जगह कम पड़ने की वजह से निगम ने आवारा पशुओं की नीलामी के लिए विज्ञापन जारी किया था। इन चारों जोन में 200 से ज्यादा गायों और बछड़ों की नीलामी की तैयारी की गई थी। लेकिन अब किसी भी जोन में नीलामी नहीं की जा रही है।

नोडल अधिकारी दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक करें निर्वहन: सिन्हा

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में जानकारी लेने नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सिन्हा ने कहा कि आगामी निर्वाचन में समय कम है अतः सभी नोडल अधिकारी सौंपे गये दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करें। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव उपस्थित रहे।

इस दौरान उन्होंने सामान्य शाखा, कर्मचारियों की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, निर्वाचन कर्तव्य मत पत्र (डाक मत पत्र), प्रशिक्षण, कम्युनिकेशन प्लान, प्रवेश पत्र निर्वाचन प्रपत्र एवं सामग्री, सामग्री क्रय एवं निविदा, चिकित्सा दल एवं किट की व्यवस्था, शिकायत शाखा, निर्वाचन व्यय लेखा, मानदेय, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, मतपत्र मुद्रण एवं प्रपत्र/सामग्री रिटर्निंग ऑफिसरों को प्रदाय, कंप्यूटरीकरण एवं वेब कास्टिंग, स्वीप कार्यक्रम, मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण पेड न्यूज के संबंध में तैयारियों पर विस्तार पूर्वक नोडल अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहां की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को बैठक में ईवीएम, रूट जैसी सभी प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। वही चुनाव में कर्मचारी एक महत्वपूर्ण घटक होता है अतः इसके लिए सभी कार्य किए जाएं। उन्होंने कर्मचारियों की व्यवस्था एवं एंट्री करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों के कोड सहित नाम भेजने के निर्देश दिए। मतदान दल के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मॉडल मतदान केंद्र, केवल महिलाएं एवं दिव्यांग द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि पोस्टर बैलट के संबंध में सहमति-असहमति पत्र भी लिया जाए। साथ ही ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारियों को पोस्टर बैलेट की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परिवहन विभाग को वाहनों की व्यवस्था हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी रिटर्निंग आफिसर को वाहनों की आवश्यकता की सूची भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि निर्वाचन में प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत यादव को सभी बीएलओ, सेक्टर अधिकारियों के लिए विशेष स्थान चयन कर ट्रेनिंग प्रदान एवं परीक्षा आयोजित करने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर एवं पुलिस की ट्रेनिंग भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

पेंशनर्स को अब मिलेगा 4 प्रतिशत बढ़ा महंगाई भत्ता

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप छत्तीसगढ़ के पेंशनर्स अधिकारी-कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा दिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने इसके लिए आज आदेश जारी कर दिया है। सातवें वेतनमान में मूल पेंशन/परिवार पेंशन के लिए महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह लाभ इसी जुलाई महीने की पहली तारीख से मिलेगा। इस वृद्धि के पश्चात अब महंगाई राहत 42 प्रतिशत हो गई है। इसके साथ ही छठवें वेतनमान के मूल पेंशन/ परिवार पेंशन पाने वाले पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में 9 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह लाभ भी इसी साल के जुलाई महीने की पहली तारीख से मिलेगा। इस वृद्धि के साथ ही महंगाई राहत में कुल वृद्धि 221 प्रतिशत हो गई है। उल्लेखनीय है कि पेंशनर्स की महंगाई राहत के संबंध में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों की स्वीकृति आवश्यक होती है। इस संबंध में स्वीकृति जल्द प्रदान करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा था। इसके बाद जैसे ही स्वीकृति प्राप्त हुई। महंगाई राहत में वृद्धि का लाभ पेंशनर्स को प्रदान करने का अविलंब निर्णय लिया गया।

बिजली बिल आधी नहीं हुई,आपूर्ति हो गई आधी

■ बिजली कटौती से लोग परेशान प्रशासनिक अक्षमता के चलते नही हो पा रहा सुधार

मुंगेली/नवप्रदेश। अंचल में लगातर हो रही बिजली कटौती से लोग परेशान है। लोड शेडिंग एवं मेंटनेंस के नाम शहर में 3 से 4 घण्टे तक बिजली बंद रहती है,लाईट बंद होने से पानी की समस्या आ रही लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे है,वहीं ग्रामीण क्षेत्रों का हाल बेहाल है।लोड शेडिंग एवं कटौती के नाम से 24 घंटे में 4-5 घंटे ही बिजली उपलब्ध हो पा रही है। धान की सूखती फसल को लेकर किसान परेशान है। बिजली समस्या को लेकर अधिकारियों के ध्यान नहीं देने से नागरिकों में असंतोष बना हुआ है। लोग कहते नजर आए की सरकार ने बिजली बिल आधा न कर बिजली ही आधा कर दिये। नगर में इन दिनों किसी भी समय एक घण्टे से भी ज्यादा समय तक बिजली काटी जा रही हैं नगर सहीत आसपास के क्षेत्रों में कई बार रात मे 11 बजे लाइट कटकर एक घण्टे बाद आती है, और कई दिनो सुबह से शाम तक चार से पांच बार एक-एक घण्टे के लिए बिजली काटी दी जाती है। इस संबंध में विद्युत विभाग के कार्यालय से संपर्क करने पर बाहर से बंद है,लोड सेटिंग चल रहा है का रटा-रटाया जवाब दिया जाता है।अंचल के किसानों एवं बिजली उपभोक्ताओं ने शासन से बिजली व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। ऐसा नहीं किए जाने पर उन्होंने आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक पखवाड़े से पानी नही गिरने से धान की फसल सूखने के कगार पर है।साधन संपन्न किसानों के पास ट्यूबवेल रहने के बाद भी अधिकांश समय लोड शेडिंग एवं कटौती के चलते 24 घंटे में कुछ घंटे ही बिजली मिल पा रही है। जिसके चलते किसान परेशान है।ग्राम दामापुर के कृषक संजय तंबोली ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली नही रहने से उनके खेत सूखने के कगार पर है। ट्यूबवेल होने के बाद भी धान की खेतों में पानी की कमी हो गई है।एक किसान ने बताया की भूपेश बधेल ने बिजली बिल आधा न कर बिजली ही आधा कर दिये है। नगर में इन दिनों किसी भी समय एक घण्टे से भी ज्यादा समय तक बिजली काटी जा रही हैं। नगर में गोल बाजार, सदर बाजार में आज दोपहर 3.30 बजे से बिजली बंद रही जो रात्रि में 7.30 बजे बिजली आई। कुछ देर बाद पुनः बंद हो गई। सदर बाजार के व्यापारी बिजली बंद से परेशान होकर बिजली विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को फोन लगाते रहे। सदर बाजार घंटों अंधेरे में डूबे रहने के बाद बिजली आई। पिछले एक सप्ताह से बारिश नही होने एवं तेज गर्मी के चलते लोग उमस से वैसे ही परेशान है। वहीं बिजली विभाग कभी भी बगैर किसी सूचना के घंटो बिजली बंद कर देती है। इस संबंध में विद्युत विभाग के कार्यालय से संपर्क करने पर मरम्मत के नाम से बंद बताया जाता है। सदर बाजार में बेजा कब्जा के चलते विद्युत लाईन प्रभावित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र में भी हफ्तों ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के बाद भी सुधारा नहीं जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बिजली विभाग की अव्यवस्था को लेकर बिजली कार्यालय का घेराव भी किया गया था। किन्तु बिजली विभाग की व्यवस्था में सुधार नही हो पा रहा है। जिससे नागरिकों में असंतोष बना हुआ है। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि अधिकारी कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिए अनावश्यक बिजली बंद कर रहे है। बिजली विभाग की गतिविधियों की शिकायत पार्टी की बैठकों में रखी जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुराने बिजली के पोल बदला जाए। विभाग से बिजली उपकरणों की सप्लाई में कमी होने से सर्किट बॉक्स नहीं लगे हैं।

> लोड बढ जाने से व विद्युत लाईनों में फाल्ट आ जाने की वजह से सुधार के लिए बिजली बंद की जाती है। सदर बाजार में सड़क पर अतिक्रमण के चलते बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही है।
> **-ऋषि तिवारी**
> जूनियर इंजीनियर मुंगेली

पूर्व मेयर रेणु की उपस्थिति में मनाया भोजली पर्व

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक भोजली पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। बालकोनगर एवं राताखार क्षेत्र में आयोजित भोजली उत्सव में पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल सम्मिलित हुईं। उन्होंने इस दौरान क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि के लिए कामना की।प्रतिवर्ष की भांति बालकोनगर के वार्ड क्रमांक 38 में भोजली महोत्सव का आयोजन किया गया। दोपहर में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। संध्या में पूजन एवं भोजली विसर्जन का कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल सम्मिलित हुई। पूर्व महापौर ने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। रेणु अग्रवाल ने सिर पर भोजली की टोकनी भी रखी। इसी तरह राताखार में आयोजित भोजली उत्सव में भी पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल सम्मिलित हुईं। यहां पर भोजली उत्सव का आयोजन साहू समाज द्वारा किया गया था।

भोजली यात्रा में सम्मिलित हुए लखन देवांगन

कोरबा/नवप्रदेश। पोड़ी बहार में भोजली कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी पूर्व महापौर पूर्व विधायक लखन लाल देवांगन पहुंचे। जहां आयोजन समिति के सदस्यों ने भाजपा प्रत्याशी लखन देवांगन का स्वागत किया। उन्होंने भोजली माता का पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की मंगल कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भोजली कार्यक्रम से हमें प्रकृति के और निकट आने का अवसर मिलता है छत्तीसगढ़ में भोजली कार्यक्रम बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। निश्चित ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बनाए रखने के लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

आयुष को राष्ट्रपति ने मैडल एवं 25 हजार रूपये का चेक प्रदान किया

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के बेसबॉल तथा सॉफ्टबॉल के प्लेयर आयुष ताम्रकार को दसवें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मैडल एवं 25 हजार रूपये की चेक प्रदान की। उन्होने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए स्पोर्ट्स में भी मेडल हासिल किए है। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में वर्ष 2022 के चांसलर गोल्ड मेडलिस्ट मुंगेली जिले के आयुष ताम्रकार को दसवें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मैडल एवं 25 हजार रूपये का चेक प्रदान की। आयुष ताम्रकार ने 2022 मे गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से बी.ए.एलएल.बी. की पढ़ाई पूरी की है। वे शुरू से ही यूनिवर्सिटी में होने वाले सभी एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज के साथ पढ़ाई में भी काफी रुचि रखते थे जिसके फलस्वरूप आज उन्हें ये उपाधि मिली है। आयुष ने राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के स्वयं सेवक के रूप में नेतृत्व करते हुए राष्ट्रीय एकता शिविर में भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर राष्ट्रीय स्तर पर पदक भी हासिल किया हैं। वह बेसबॉल तथा सॉफ्टबॉल के प्लेयर है और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए स्पोर्ट्स में भी मेडल हासिल किए है।

10 दिन बंद रहेगी रायपुर मेमू पैसेंजर

कोरबा/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एसईसीआर ने एक बार फिर मरम्मत व उन्नयन कार्य की वजह से तीन सितंबर से 18 ट्रेन का परिचालन निरस्त कर दिया। इसमें गेवरारोड. कोरबा. रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल भी शामिल है। यात्रियों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ेगा। एसईसीआर बिलासपुर जोन द्वारा विभिन्न सेक्शनों में गतिशीलता के उन्नयन, समय की पाबंदी और चल रहे विभिन्न सुरक्षा संबंधी रखरखाव कार्यों में सुधार एवं ट्रैक रखरखाव कार्य करने का निर्णय लिया है। इसकी वजह से रेल प्रबंधन ने कई गाड़ियों का परिचालन रद्द करने की घोषणा की है। लगभग 10 दिनों के लिए ट्रेनों के निरस्त होने से यात्रियों को आवागमन में एक बार परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

पानी की मांग को लेकर सिंचाई कार्यालय पहुंचे किसान

मुंगेली/नवप्रदेश। नहर से पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सैकड़ों किसान मनियारी सिंचाई संभागीय कार्यालय पहुंचे। पिछले एक पखवाड़ा से बारिश नहीं होने से खेत सूखने लगी है। धान के पौधों में लग रही है बीमारियां। फसल की स्थिति को लेकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे नजर आने लगी है। हफ्तेभर में नहीं गिरा पानी तो धान के पौधे सूखने लगेंगे। इस वर्ष दो सावन के चलते किसान अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहे थे। जाते-जाते सावन किसानों को रूला कर चला गया। सावन का अंतिम सप्ताह सूखा निकल गया। इससे किसानों के चेहरे पर मायूसी छाने लगी है। कुछ दिनो से तेज धूप खिल रही है ऐसे में बारिश पर आश्रित किसानों की चिंता बढ़ने लगी है।

ऐसे किसान जो बारिश पर आश्रित हैं, इनके खेतों की मिट्टी सूखने लगी है। किसानों का कहना है कि हफ्ते भर में बारिश नहीं हुई तो खेतों में दरार आने के बाद पौधे मर जाएंगे। धूप की वजह से खेतों की मिट्टी सूखने लगी है। यही हाल रहा तो किसानी की स्थिति पिछले वर्षो की तरह हो सकती है। धान के पौधों को भरपूर पानी की जरूरत पड़ती है। बारिश थमने से पौधों की बाढ़ रुक गई है। साथ ही पौधों में पीलापन भी आ रहा है। किसान विजय, दर्शन लाल, विश्वनाथ पटेल, मनहरण, कन्हैयालाल, दिलेश्वर, सुखदेव, बहोरन, सालिकराम, संजय कुमार, देवकुमार मरकाम, रामकुमार, भरतलाल पटेल, ब्रज वल्लभ शर्मा, सुरेश पटेल, टेकलाल गंधर्व ने बताया कि हफ्तेभर के भीतर बारिश नहीं हुई तो मिट्टी पूरी तरह सूख जाएगी। किसान बारिश की आस में बैठे हुए हैं। किसानों ने बताया कि डी-2 नहर से आखिरी छोर ग्राम पंचायत जेवरा में पानी के अभाव से फसल सुखने की कगार पर आ चुका है। जिससे किसान चिंतित है। खेत पूरी तरह से सूख गया है खेतों में दरार पड़ चुका है अगर समय रहते पानी उपलब्ध कराया गया तो 100 प्रतिशत अकाल पड़ने की संभावना है। किसानों ने सूख रही फसलों के लिए नहर का पानी अमृत के समान मानते हुए कलेक्टर एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौपकर पानी उपलब्ध कराने की मांग किये है। मनियारी सिंचाई संभागीय कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे किसानों ने सूखती फसल को बचाने के लिये सिंचाई कार्यालय पहुंचे। जहां पर अधिकारियों के नही रहने से परेशान कृषक कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी व्यथा बयान किये।

> क्षेत्र में बारिश की कमी के चलते सूखे की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में फिल्ड पर नहरों से पानी उपलब्ध कराने के लिये विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जुटे हुए है। किसानों के आवेदन पर कार्यवाही करते हुए शीघ्र ही पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।
> **-राजेन्द्र मिश्रा,**
> कार्यपालन अभियंता, मनियारी सिंचाई संभाग मुंगेली

एकलव्य आदर्श विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश 6 सितम्बर तक

कोरबा/नवप्रदेश। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया 06 सितम्बर 2023 तक दी जा रही है। एलडब्ल्यूई जिलों में विद्यार्थियों के प्रवेश परीक्षा में पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने से भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जिला स्तर पर मेरिट सूची तैयार कर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि भारत सरकार के नवीन दिशा-निर्देश अनुसार जिला स्तरीय मेरिट सूची तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिलों में प्रवेश प्रक्रिया हेतु मेरिट सूची के आधार पर विद्यालयों में विगत 28 अगस्त से 06 सितम्बर 2023 तक प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का प्रवेश सूचना नियमावली वर्ष 2023-24 में वांछित अभिलेख के साथ विद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। वांछित अभिलेखों के अभाव में प्रवेश प्रदान नहीं किया जाएगा।

मेडिकल प्रबंधन ने थमाया नोटिस

कोरबा/नवप्रदेश। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा खानपान और नर्सिंग व्यवस्था से जुड़े मामले को लेकर संबंधित लोगों को नोटिस दिया गया है। संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। ट्रामा सेंटर का भ्रमण करने पर उपअधीक्षक को कई प्रकार की खामियां मिली थी। मरीजों और उनके परिजनों की शिकायत पर यहां का निरीक्षण करने पर पता चला कि रोटी का वितरण सहीं तरीके से नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही उपचार के लिए भर्ती मरीजों की चिकित्सा के मामले में अनदेखी की जा रही है। बताया गया था कि चिकित्सा करने के बजाय मरीजों को दूसरी जगह रेफर करने की बात की जा रही थी। अधिकारी ने इसे नियमों के विरूद्ध माना और नोटिस जारी कर दिया। कहा गया कि इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बिलिया करैत सर्प के डंसने से बालिका की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। इमलीछापर चौक थाना कुसमुण्डा निवासी 10 वर्षीय बालिका को गत रात्रि 3 बजे के लगभग बिलिया करैत सर्प ने डंस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इमलीछापर चौक थाना कुसमुण्डा निवासी विजय सिदार उम्र 35 कल रात कोयला लोडिंग करने के लिए खदान गया हुआ था। उसी दौरान रात्रि में 3 बजे के लगभग घर में सो रही उसकी 10 वर्षीय बालिका कुमारी अन्नया सिदार को जहरिले सर्प ने डंस लिया। इसकी सूचना पत्नी द्वारा देने पर वह तत्काल घर पहुंचा। जहां से बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंचकर उपचार के लिए दाखिल कराया। बताया जाता है कि एंटी स्नेक इंजेक्शन लगाये जाने से पहले ही बालिका ने दम तोड़ दिया। अस्पताल के वार्ड ब्याय द्वारा सूचना दिये जाने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर मृतका के शव को चीरघर भिजवा दिया।

विवाहिता हुई लापता

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के बांगो थानांतर्गत मातिन के पोड़ीबहरा निवासी एक विवाहिता महिला अपने से आधे उम्र के ब्यायफ्रेण्ड के साथ अचानक लापता हो गई। लगातार 9 दिनों तक तलाश करने के बाद जब वह नहीं मिली तो उसके पति ने बांगो थाना पहुंचकर गुम इंसान क्रमांक 29/23 के तहत उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा दी। जानकारी के अनुसार जिले के बांगो थानांतर्गत मातिन के पोड़ीबहरा निवासी कौशिल्या बाई उम्र 46 वर्ष के तीन बच्चे है। इसी दौरान वह अपने से आधे उम्र के एक ब्याय फ्रेण्ड के संपर्क में आ गई। जिसके परिणाम स्वरूप विगत 24 अगस्त को वह बिना बताए घर में बच्चों को छोडक़र अचानक लापता हो गई।

रामदेव बाबा मंदिर में मनाया तीज का त्यौहार

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में राजस्थानी महिलाओं ने रामदेव बाबा मंदिर में पूजा अर्चना कर तीज का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पूजा पाठ पश्चात महिलाओं ने झूले का आनंद लिया और पति के दीर्घायु होने की कामना की। राजस्थानी परम्परा के अनुसार नगर में निवासरत राजस्थानी महिलाओं ने परम्परागत तरीके से तीज का त्यौहार उत्साह से मनाया। उल्लेखनीय है कि हिन्दू परम्परा के अनुरूप राजस्थानी महिलाएं भी भाद्र कृष्ण पक्ष तृतीय को पति के मगल कामना तीज पर्व मनाती है। जिसके चलते आज सुबह से ही महिलाओं में पर्व का उत्साह देखा गया। दिन भर उपवास कर रात्रि में पूजा-अर्चना कर झूला-झूल कर तीज का पर्व मनाई। इस अवसर में बड़ी संख्या में महिलाएं व उनके परिजन उपस्थित थे।

कोरबा जिले में 719.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में 01 जून से अब तक 719.0 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 31 अगस्त तक औसत वर्षा 922.6 मिमी हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 727.0 मिमी, भैंसमा में 813.6 मिमी, करतला में 755.0 मिमी, कटघोरा में 818.6 मिमी, दर्री में 798.2 मिमी, पाली में 651.4 मिमी, हरदीबाजार में 570.4 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 692.0 मिमी एवं पसान में 645.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा कटघोरा तहसील में दर्ज की गई है।

जिले में प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य हुआ कार्य विभाजन

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्य विभाजन में आंशिक संशोधन करते हुए जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को अस्थाई रूप से विभिन्न दायित्व सौंपे हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर कोरबा (राज्य प्रशासनिक सेवा) प्रदीप कुमार साहू को कोरबा अनुविभाग अंतर्गत आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, विविध शिकायत प्रकरण, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-114, 115 के तहत प्रचलन की अनुमति सहित कलेक्टर द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार अपर कलेक्टर कटघोरा दिनेश नाग को कटघोरा अनुविभाग के अंतर्गत विविध शिकायत प्रकरण, भूमि आबंटन एवं व्यवस्थापन, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-114, 115 के तहत प्रचलन की अनुमति सहित कलेक्टर द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। अपर कलेक्टर कोरबा (राज्य प्रशासनिक सेवा) शिव बनर्जी को अनुविभाग पाली तथा पोड़ीउपरोड़ा अंतर्गत विविध शिकायत प्रकरण, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-114, 115 के तहत प्रचलन की अनुमति सहित कलेक्टर द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का दायित्व सौंपा गया है।

कोयला व राखड़ से भारी वाहनों के लिए 30 सितंबर तक होगी पार्किंग की व्यवस्था

कोरबा/नवप्रदेश। भारी वाहनों के चलने से होने वाले प्रदूषण को लेकर परसाभाठा विकास समिति के बैनर तले परसाभाठा, रिंग रोड, रिस्दा के व्यापारियों व परसाभाठा वासियों ने आर्थिक नाकेबंदी की। इससे मार्ग में वाहनों का आवागमन अवरूद्ध हो गया और जाम लग गया।

इसकी वजह से आवागमन कर रहे आम लोगों को भी काफी परेशानी करना पड़ा। जानकारी मिलते ही बाल्को प्रबंधन की उपस्थिति में बाल्को थाना में वार्ता हुई। इस दौरान बाल्को प्रबंधन से भरत महंत एवं चंदन मिश्रा, प्रशासन से लेविन पटेल व परसाभाठा विकास समिति से विकास डालमिया, शशि चंद्रा, पवन यादव उपस्थित रहे। बैठक में प्रबंधन ने परसाभाठा रिंग रोड, बजरंग धाम रिस्दावासी की सभी मांगों पर सहमति जताते हुए लिखित में आश्वस्त किया कि सभी मांग निर्धारित समय पर पूरी कर दी जाएगी।

कार्य में नहीं लौटने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों पर एफआईआर

■ राज्य शासन द्वारा एस्मा लागू करने के पश्चात जिला प्रशासन हुई सख्त

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार द्वारा छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन एवं छत्तीसगढ़ इन सर्विस डॉक्टर एसोसिएशन संघ द्वारा विगत 21 अगस्त 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल में गए समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को एस्मा एक्ट के अंतर्गत तत्काल हड़ताल समाप्त कर अपनी सेवाएं देने के लिए पूर्व में नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य कर्मचारी सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं एवं उनके कार्य क्षेत्र में अनुपस्थिति के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

उपरोक्त हड़ताल में स्वास्थ्य विभाग के कुल 337 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग संवर्ग, पर्यवेक्षक, स्वास्थ्य संयोजक, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता इत्यादि लोग सम्मिलित हैं।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने सीएमएचओ डॉ. एस. एन. केसरी को एस्मा एक्ट लगने के बाद भी कार्य पर उपस्थित नहीं होने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। एस्मा एक्ट के तहत जारी नोटिस के बाद भी स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा अपने ड्यूटी पर उपस्थिति नहीं दी गई है।

उनके खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में सीएमएचओ एवं सभी बीएमओ द्वारा अपने विकासखण्ड के हड़तालरत कर्मचारियों के खिलाफ संबंधित थाने में एस्मा एक्ट 7 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कराया जा रहा है एवं उन्हें सेवा समाप्ति हेतु नोटिस भी दी जा रही है।

कोई भी अविवादित नामांतरण प्रकरण न रहे लंबित : कलेक्टर

■ कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक

■ लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

कोरबा/नवप्रदेश। अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों का हल समय-सीमा में ही किया जाए। इनके निराकरण के लिए निश्चित समय सीमा निर्धारित है और इसी के आधार पर कार्य किए जाए। इससे अधिक समय यदि लगता है तो सम्बंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जा सकती है। राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने के लिए राजस्व न्यायालयों में नियमित तौर पर सुनवाई होनी चाहिए। इसी प्रकार बंटवारा के प्रकरणों का हल भी टाइम लिमिट में हो, सभी राजस्व अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उपरोक्त निर्देश कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शासन की फ्लेगशिप योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए उनके सफल क्रियान्वयन के लिए हर संभव प्रयास करें। कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण, एसईसीएल से प्राप्त भूमि पर पट्टा वितरण की प्रगति, वन अधिकार पट्टा वितरण एवं राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने इन योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर त्वरित कार्यवाही करने को कहा जिससे सभी पात्र हितग्राही लाभान्वित हो सकें। उन्होंने शहरी क्षेत्र में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण हेतु राज्य शासन से प्राप्त नए दिशा निर्देशों के अनुसार एकरूपता से कार्य करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के भी पात्र लोगों को गंभीरता से लाभान्वित करने के लिए कहा। इस हेतु शहरी क्षेत्रों में जल्द से जल्द सर्वे कार्य पूर्ण कराकर पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करने की बात कही। उन्होंने वन अधिकार पत्र के लंबित एवं निरस्त प्रकरणों की पुनः समीक्षा करते हुए पात्र पट्टों का ग्राम सभा से अनुमोदन करा कर जिला स्तर पर अनुमोदन हेतु भेजने के लिए निर्देशित किया।

केंदई रेंज में हाथियों का आंतक ग्रामीण को दंतैल ने किया गंभीर

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में हाथियों का आंतक अब तक जारी है। यहां के कोरबी सर्किल अंतर्गत पोड़ीखुर्द व खड़पड़ी पारा में घूम रहे 30 हाथियों के दल ने जहां बीती रात उत्पात मचाते हुए कई किसानों की फसल को रौंद दियाए वहीं सिरमिना सर्किल के पाली गांव में अचानक धमके दंतैल ने एक ग्रामीण को सूड़ से उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाथियों के आतंक से क्षेत्र के ग्रामीण काफी भयभीत हैं और रतजगा भी करने को मजबूर हैं। वन विभाग ने क्षेत्र में घूम रहे हाथियों को खदेडऩे का प्रयास किया है, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पा रही है। बीती रात रेंज के कोरबी सर्किल में घूम रहे 30 हाथियों के दल ने पोड़ी खुर्द व खड़पड़ी पारा में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों का दल ग्रामीणों के खेतों में पहुंच गया और वहां लगे धान के फसल को रौंदने के साथ तहस नहस कर दिया।

न्यूज गैलरी

पुरानी रंजिश, युवक पर धारदार हथियार से हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश के कारण एक युवक की तीन लोगों ने मिलकर पिटाई कर दी और उस पर धारदार हथियार से हमला किया। युवक को सिम्स में भर्ती कराया गया है। सिरगिट्टी निवासी प्रदीप राजपूत (22 वर्ष) की किसी बात को लेकर लालू यादव से पुरानी रंजिश थी। 30 अगस्त की रात करीब 10.30 बजे वह गौरा चौरा के सामने सड़क पर खड़ा था। इसी दौरान लालू यादव अपने साथी युवराज व आयुष के साथ आया और गाली गलौज करने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्के से मारपीट की और धारदार हथियार से उस पर हमला किया। इससे प्रदीप घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। उसकी मां सुनीता राजपूत (45 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बाइक से घर जा रहे युवक पर लाठी से हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। बाइक से घर जा रहे युवक को आरोपियों ने उसके छोटे भाई का नाम पूछा। बताते ही आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और लाठियों से पीटा। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र का है। ग्राम डोगी नवागांव निवासी निखिल साहू, पिता परमेश्वर साहू 30 अगस्त को अपने साथी रमन मानिकपुरी के साथ रतनपुर से मिठाई लेकर वापस गांव आ रहा था। वह बाइक चला रहा था जबकि रमन उसके पीछे बैठा था। रात करीब 8 बजे पोंड़ी दैहान के पास पहुंचा था। इसी बीच सामने से पिंटू, वरूण व भूपेन्द्र मरावी आए और बाइक रोककर पूछा कि वह लव ऊर्फ गोलू साहू का भाई है। हां बोलने पर मारपीट की।

छात्रों ने किया संस्कृत में राष्ट्रगान, गीत गाए

बिलासपुर/नवप्रदेश। संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नेशनल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल दयालबंद में विश्व संस्कृत दिवस मनाया गया। संस्कृत भाषा में ध्यान केंद्रित करते हुए इस दिन समस्त कार्यक्रम का आयोजन संस्कृत भाषा में किया गया। प्रातः काल राष्ट्रगान संस्कृत में गाया गया। समाचार, सुविचार, गीत संस्कृत भाषा में बोले गए। इसका मुख्य उद्देश्य सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत भाषा के प्रति विद्यार्थियों का रुझान बढ़ाना और उसके उपयोग के लिए प्रेरित करना है।

गाली-गलौज करने से मना करने पर रॉड से हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। घर लौट रहे एक ड्राइवर से बदमाशों ने मारपीट की। बीच बचाव करने आए साथी की भी पिटाई कर दी। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। टिकरापारा निवासी वीरू साहू (30 वर्ष) पेशे से ड्राइवर है। बुधवार की रात शिव टॉकीज चौक की ओर से अपने घर वापस आ रहा था। रात 12.30 बजे रास्ते में पाल किराना स्टोर के पास उसकी मुलाकात अंकुश यादव व ज्वाला से हुई। दोनों उसके साथ बिना वजह के गाली-गलौज करने लगे। वीरू ने मना किया तो दोनों ने उस पर रॉड से हमला कर दिया। इससे सिर, पीठ, कलाई, पैर में चोट लगी और खून बहने लगा। साथी प्रकाश सोनटेके ने आकर बीच बचाव करने की कोशिश की तो उन्होंने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सावन गीतों की प्रस्तुति देकर मनाया सावन उत्सव

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ ने सावन उत्सव मनाया। कार्यक्रम अध्यक्ष अर्चना तिवारी के नेतृत्व में हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताएं और गेम के द्वारा सभी उत्सव का आनंद लिया। सभी को तुलसी नीम एवं आम के पौधे देकर सम्मानित किया गया। गेम की विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा पांडे, संभाग प्रभारी मीनू दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शशि प्रभा पांडे, कोषाध्यक्ष संजना मिश्रा, सचिव नैना पांडे, शोभा त्रिपाठी, रश्मि शुक्ला, शारदा तिवारी, पुष्पा शुक्ला, अर्चना शुक्ला, शशि तिवारी, प्रेमलता तिवारी, लता दुबे, साधना दुबे, निधि तिवारी, गीतू तिवारी, दिव्या चतुर्वेदी, पूर्णिमा मिश्रा, नंदिनी तिवारी, स्मृति मिश्रा, सुभधा पांडे आदि मौजूद रहे।

भोजपुरी समाज के दोबारा अध्यक्ष बने विजय

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भोजपुरी समाज भवन ईमलीपारा में भोजपुरी समाज का त्रिवार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संरक्षक सदस्य एनपी शर्मा का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसे समस्त उपस्थित सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई। सबसे पहले चंद्रयान-3 की सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिक को समस्त सदस्यों द्वारा बधाई दी गई। इसके बाद समाज के अध्यक्ष विजय ओझा द्वारा अपने कार्यकाल के गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। कोषाध्यक्ष वकील सिंह ने वित्तीय वर्ष का लेखाजोखा समाज के सामने प्रस्तुत किया। इसका अनुमोदन समस्त उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से किया। नई कार्यकारिणी के गठन करने का प्रस्ताव सदस्यों के द्वारा रखा गया। वरिष्ठ संरक्षक सदस्य जेएन सिंह द्वारा आगामी कार्यकाल के लिए अध्यक्ष विजय ओझा को दोबारा अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसका सभी ने अनुमोदन किया। अध्यक्ष ओघ को नई कार्यकारिणी के गठन का अधिकार दिया गया। इस अवसर पर संरक्षक एनपी शर्मा, डॉ. ब्रजेश सिंह, एसएन उपाध्याय, लव ओझा, वीएन ओझा, अभय नारायण राय राय, अशोक सिंह, संजय सिंह, सीएम सिंह, ओपी सिंह, अयोध्यानाथ चौबे, महासचिव मुन्ना सिंह, कोषाध्यक्ष वकील सिंह, सुभाष तिवारी, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

14 रेल कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर दिया मैडल

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत सहायक परिचालन प्रबंधक सीतल सरकार सहित 14 रेल कर्मचारी अगस्त माह में रेल सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हुए। सहायक कार्मिक अधिकारी आर शंकरन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित दस्तावे , सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया। सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन कल्याण निरीक्षक व कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

राजकुमार को वन मंत्री व पीसीसीएफ ने किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। हरियाणा के पंचकुला में आयोजित 26वीं अखिल भारतीय वन खेल कूद प्रतियोगिता में छत्तीसग ने शानदार प्रदर्शन किया। वन मंडल के अंतरराष्टीय वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी व वाहन चालक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने प्रदेश को मेडल दिलाया। इस सफलता पर 29 अगस्त को वन मंत्री व पीसीसीएफ रायपुर के द्वारा नकद राशि से उनका सम्मान किया गया। राजकुमार पाण्डेय ने अब तक पॉवर/वेट लिफ्टिंग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विभाग को 64 मेडल दिला चुके हैं। उनकी इस सफलता पर मुख्य वन संरक्षक राजेश चंदेले व वन मंडल अधिकारी संजय यादव ने बधाई दी है। वहीं साथी कर्मचारियों में उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

सालसा के विधिक सहायता अधिकारी को दी विदाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में विधिक सहायता अधिकारी के पद पर पदस्थ शशांक शेखर दुबे 38 वर्ष की लंबी सेवा के बाद गुरुवार को सेवा निवृत हो गए। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा कार्यालय के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियाल के द्वारा शशांक शेखर दुबे को शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की गई। इस मौके पर कार्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों ने भी उन्हें फूलमाला पहनाकर उन्हें विदाई दी।

विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को बताया मतदान का महत्व

बिलासपुर/नवप्रदेश। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' के तहत कोटा ब्लॉक के सीएसआर महाविद्यालय पीपरतराई के विद्यार्थियों द्वारा मसाल रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के नवप्रवेशित एवं सीनियर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ओजस्वी नारों के माध्यम से पूरे ग्रामवासियों के घर-घर जाकर मतदान के महत्व को बताया तथा सभी को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर डी.एन. शर्मा द्वारा मसाल जलाकर किया गया। रैली में महाविद्यालय के स्टाफ सूरज सोनकर, आकाश गुप्ता, नरेन्द्र टोडर, राकेश डोरे, रंजीत गिलहरे, जूही चौहान व कविता पाटकर तथा दामिनी मिरी व एनएसएस दल प्रमुख आशीष कुमार व अन्य कार्यकर्ता तथा समस्त विद्यार्थियों व पीपरतराई के युवाओं व ग्रामवासियों ने मिलकर रैली को सफल किया।

शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्लोगन सहित स्टिकर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

डीएलएस स्नातकोत्तर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। इसमें सभी को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए प्राचार्य डॉ. रंजना चतुर्वेदी द्वारा शपथ दिलाई गई। उन्होंने आगामी चुनाव में सभी को ब च कर हिस्सा लेने कहा। 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जु वाने के लिए प्रेरित कीं। संरक्षक सतीश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पार्थ शर्मा, सचिव उमेश जाधव, सीईओ राकेश दीक्षित, डॉ. प्रताप पाण्डेय, सुनीता द्विवेदी, संजय दुबे मौजूद रहे।

शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में राष्टीय सेवा योजना इकाई और स्वीप के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत मतदाता सूची में जुड़े हुए नए छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। साथ ही महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव शर्मा ने मतदान के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्टीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर डीपी चंद्रवंशी, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मीना शर्मा, इंदू कौशल, प्रिया शंकर जायसवाल, किरण स्नेही, स्वाति सागर सिंह, राष्टीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक सूरज बंजारे, अंकित मसीह, अतुल लहरे, दीक्षा, आशा निर्मलकर, उमेश बर्मन, जितेंद्र जांगड़े, गीतेश जायसवाल, सागर राज, अजय, अमन, श्याम, अविनाश, सोनिया, अंकित, स्वाति, निधि, रंजीत आदि मौजूद रहे।

एसई के घर से दिनदहाड़े 60 हजार की हो गई चोरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन पर राखी बंधवाने बहन के घर बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री के घर दिनदहाड़े घुसे चोरों ने गहने और कैश समेत 60 हजार की चोरी की। राजकिशोरनगर स्थित हर श्रृंगार कॉलोनी में बुधवार को दोपहर एक बजे से रात 8 बजे के बीच यह घटना घटी।

सरकंडा पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। हर श्रृंगार कॉलोनी निवासी गोकुल प्रसाद सोनवानी (60 वर्ष) बिजली विभाग में अधीक्षण यंत्री हैं। तिफरा बिजली ऑफिस में उनकी पोस्टिंग है। 30 अगस्त को दोपहर करीब एक बजे घर में ताला लगाकर अपनी बहन के घर राखी बांधने तखतपुर क्षेत्र के केकती गांव गए थे। राखी बंधवाने के बाद रात 8 बजे घर लौटे तो चोरी हो गई थी।

चोर खिड़की का ग्रिल तोड़कर घुसे और भीतर से दरवाजे की सिटकिनी लगाकर आलमारी से कैश व जेवर सहित करीब 60 हजार रुपए की चोरी की। अधीक्षण यंत्री ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की जानकारी जुटाने में लगी है।

गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। शराब के नशे में धुत युवक ने मारपीट की। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।चिंगराजपारा प्रभात चौक निवासी सुनील निषाद, पिता फागूराम निषाद (25) 30 अगस्त की रात करीब 10.40 बजे घर सामने कदम चौक के पास था। उसी समय प ोसी सोनू गो नशे मे पास आकर विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए जमीन पर पटककर हाथ मुक्का से मारपीट की। इससे चोंट लगी और वह घायल हो गया। घटना की उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

278 स्कूलों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगेगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। माहवारी के दौरान सेनेटरी पैड आसानी से नहीं मिलने के कारण कई छात्राएं स्कूल नहीं जा पाती हैं, स्कूल आने के बाद भी उनको कई तरह के दिक्कतों का सामना करना प ता है। इसे ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग 278 स्कूलों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाने जा रहा है। कलेक्टर ने इसके लिए डीएमएफ मद से 1 करो 69 लाख 88 हजार रुपए मंजूर किए हैं। मशीनें सबसे पहले उन स्कूलों में लगाई जाएंगी जहां छात्राओं की संख्या अधिक है। सबसे पहले शहरी क्षेत्र के मिडिल, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में सेनेटरी पैड मशीन लगाई जाएगी। शुरुआती तौर पर 5000 नैपकिन निशुल्क दिए जाएंगे। उसके बाद 2 रुपए में एक नैपकिन दिया जाएगा। मशीन स्कूलों के शौचालयों में लगाया जाएगा। सेजेस प्रभारी रामेश्वर जायसवाल ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों के अलावा सरकारी स्कूलों में मशीनें लगाई जाएंगी।

साइकिल सवार भाई-बहन को हाइवा ने मारी ठोकर, मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। शनिवार सुबह साइकिल से स्कूल जा रहे भाई बहन को तेज रफ्तार हाइवा ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिया। सिरगिट्टी पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सिरगिट्टी क्षेत्र के नयापारा वार्ड नंबर 12 में रहने वाला लालू केवट के भांजी भावना केवट कक्षा दसवी में पड़ती थी और भांजा आयुष केवट कक्षा सातवी सिरगिट्टी के सरकारी स्कूल में पढ़ाई करता था। रोज की तरह दोनों भाई बहन सुबह 7 बजे साइकिल से स्कूल जा रहे थे। दोनों बच्चे पेट्रोल पंप के पास जैसे ही मोड़ पर पहुंचे। उसी समय एक तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों भाई बहनों की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क हादसे के तुरंत बाद हाइवा का ड्राइवर फरार हो गया। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोग वहां पहुंचे।

पुलिस को इसकी सूचना दी गई। परिवार वालों और ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

लोगों का कहना है कि मोड़ के पास ही पंचर बनाने की दुकान है। जिससे सभी वहां गाड़ी खड़ी कर देते हैं। जिससे दूसरी तरफ से आने वाले लोगों को सामने की तरफ से गाड़ी आने का पता नहीं चल पाता। जिससे इस तरह की घटनाएं होती है। फिलहाल ग्रामीणों के चक्काजाम को देखते हुए मौके पर थाना प्रभारी और तहसीलदार पहुंचे।

गढ़कलेवा के गैस सिलिंडर में लगी आग, दमकल टीम ने पाया काबू

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजेंद्र नगर चौक स्थित गढ़कलेवा में चीला-रोटी व फरा बनाते समय गैस सिलिंडर में आग लग गई। आग रसोई कक्ष के भीतर तेजी से फैल गई। भीषण आग गढ़कलेवा को पूरी तरह जलाकर राख कर दिया। बांस-बल्ली से बने होने के कारण आग को फैलने में समय नहीं लगा। सूचना पर फायर दमकल की टीम पहुंची और पानी का छिंड़काव कर आग पर काबू पाया। तब तक सामान जल गए थे। । इस घटना से संचालक को भारी नुकसान हुआ है। राज्य सरकार के निर्देश पर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर चौक पर गढ़कलेवा का संचालन किया जा रहा है। यहां छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार व्यंजन बिक्री की जाती है। गढ़कलेवा का निर्माण बांस-बल्ली से किया गया था। महिला स्व सहायता समुह की महिलाएं चलाती हैं। शुक्रवार की दोपहर दो बजे गढ़कलेवा में ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी।

महिलाएं आर्डर के अनुसार फरा व चीला रोटी बना रही थी। इस बीच रसोई कक्ष के एक गैस सिलिंडर में अचानक लीकेज होने से आग पकड़ ली। इसके चलते वहां व्यंजन बनाने वाली महिलाएं जान बचाकर चिल्लाती हुई बाहर निकली। देखते ही देखते आग तेजी से चारों तरफ फैलने लगा। इसके बाद सभी कर्मचारी बाहर निकले और पुलिस की डायल 112 को सूचना दीगई। पुलिस की टीम दमकल के साथ घटना स्थल पहुंची। फिर पानी से आग पर काबू पाया गया। इस घटना में सभी सामान जलकर खाक हो गए। आनन-फानन में दमकलकर्मियों ने फायर स्टेशन गाड़ी मंगवाई। आग को काबू करने में दमकलकर्मियों को भारी मशक्कत करना पड़ा। करीब डेढ़ घंटे के बाद आग पर काबू पाया। एक ही जगह सटकर संचालित है। सी-मार्ट में भारी मात्रा में आयुर्वेदिक दवाएं हैं। गढ़कलेवा में आग लगने से वहां हडकंप मच गया।

सरकार ने बेरोजगारी भत्ते के नाम पर छला

बिलासपुर/नवप्रदेश। विधायक प्रवास के तहत तखतपुर आए असम के लमडिंग से विधायक शिबू मिश्रा और राज्य महिला आयोग पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडेय ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया। विधायक ने राज्य सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया और जनता के मन में सरकार बदलने की भावना होने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ और तखतपुर के लोग बहुत अच्छे और भोले है। यहां को कांग्रेस की सरकार ने अपने घोषणा पत्र का कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के नाम पर छला गया है। महिलाओं को शराबबंदी के नाम पर धोखा दिया गया। किसानों को भी 2500 रुपए धान खरीदी के वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के सभी वर्ग के लोग भूपेश सरकार से नाराज है, चाहे मजदूर हो किसान हो या शासकीय कर्मचारी हो। जनता ने इस बार सरकार को बदलने का मन बना लिया है। भाजपा नेत्री हर्षिता पांडेय ने कांग्रेस सरकार और स्थानीय विधायक पर पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ और तखतपुर विधानसभा में भ्रष्टाचार चरम पर है, चाहे नगरपालिका की बात करें, जिसमें डिवाइडर बनाना हो या नगर की सड़कों पर ट्यूबलर पोल लगाना हो। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य घनश्याम कौशिक, दीपमाला कुर्रे, प्रदीप कौशिक, विश्वनाथ यादव, ओमकार सोनी, संतोष कश्यप, दिनेश साहू, जीवन लाल पांडेय, अजय यादव, बंशी मौजूद रहे।

वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाए, कटवाए 11 सितंबर तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 2 से लेकर 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जो ने, काटने व संशोधित करने का अभियान चलाया गया। पर इस अभियान पर विराम नहीं लगाया गया है। यह अभियान 11 सितंबर तक चलेगा। छुट्टी के दिन भी यानी शनिवार व रविवार को भी नाम जो ने, काटने व संशोधित करने का काम होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के दूसरे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 31 अगस्त की बजाय अब 11 सितंबर निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार 2 से 31 अगस्त तक दावा आपत्ति यानी फार्म 6, 7 और 8 जमा करना निर्धारित किया गया था। अब 11 सितंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। इसमें 2 व 3 सितंबर यानी शनिवार व रविवार को भी अभिहित अधिकारी मतदान केंद्रों में बैठेंगे। इस दिन भी नाम जो ने, काटने व संशोधित करने का आवेदन उनके द्वारा लिया जाएगा। प्राप्त आवेदनों का निराकरण 28 सितंबर तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर दिन बुधवार को किया जाएगा। जो 1 अक्टूबर 2023 को 18 साल के हो रहे हैं, वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जो ने के लिए फॉर्म 6 भर सकते हैं। कोई मतदाता अपने नाम में संशोधन, पते में परिवर्तन करना चाहता है तो उसे फॉर्म 8 भरना होगा।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची में नाम जो ने, काटने व संशोधित करने की तारीख बढ़ा दी गई है। इससे नए मतदाताओं को तो फायदा होगा। यानी जिनके नाम अब तक दर्ज नहीं हो सके हैं, उनके लिए 11 दिन का और मौका मिल गया लेकिन रोज एक-एक दिन गिन रहे अभिहित अधिकारियों को मायूसी हाथ लगी है। उन्हें लग रहा था कि अब उन्हें इस काम से मुक्ति मिल जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 1 अगस्त की स्थिति में जिले में मतदाताओं की संख्या 15 लाख 15 हजार 161 हो गई थी। यह जानकारी खुद कलेक्टर संजीव झा ने दी थी। 5 जनवरी 2023 को जब मतदाता सूची के प्रथम चरण का अंतिम प्रकाशन हुआ था तो जिले में 759275 पुरुष, 746157 महिला,102 तृतीय लिंग सहित 1505432 मतदाता थे। वहीं 763525 पुरुष तो 751539 महिला, 97 तृतीय लिंग सहित 15 लाख 15 हजार 161 मतदाता हो गए हैं। यानी सात माह में 9729 मतदाता ब े हैं। मंगला बेलतरा विधानसभा में आता है। इस इलाके में बूथ नंबर 144 से लेकर 160 तक के आवेदन गड्ढे में स्थित बालक प्राथमिक शाला में लिए जा रहे हैं। यहां 16 पोलिंग बूथों में 2 अगस्त से लेकर 31 अगस्त तक 190 आवेदन आए। इनमें ज्यादातर आवेदन मतदाता सूची में नाम जो ने के मिल रहे हैं। वहीं कुछ लोग ट्रांसफर होने पर दूसरी विधानसभा से नाम कटवाकर इस विधानसभा में नाम जु वा रहे हैं। कहा जा रहा है कि यहां आने वाले दिनों में संख्या और बढ़ेगी।

विवाद: युवक को जमीन पर पटककर लातों से मारा

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुराने विवाद पर युवक के साथ आरोपी ने मारपीट की। उसे जमीन पर पटक दिया और लात से मारा। इससे उसे चोंट लगी है। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। ग्राम खैरखुंडी निवासी अशोक सिंह राजपूत पिता अर्जुन सिंह राजपूत (42) गांव में खेती किसानी करते हैं। बुधवार 30 अगस्त की रात करीब 8.30 बजे वे अपने गांव के हनुमान मंदिर के पास बैठे थे। इसी बीच गांव का ही अमित सिंह ऊर्फ गोलू आया और देखते ही पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर पक लिया और हाथ मुक्का से मारपीट शुरू कर दी।

कोई भी अविवादित नामांतरण प्रकरण न रहे लंबित : कलेक्टर

- कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक
- लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

कोरबा/नवप्रदेश। अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों का हल समय-सीमा में ही किया जाए। इनके निराकरण के लिए निश्चित समय सीमा निर्धारित है और इसी के आधार पर कार्य किए जाए। इससे अधिक समय यदि लगता है तो सम्बंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जा सकती है। राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने के लिए राजस्व न्यायालयों में नियमित तौर पर सुनवाई होनी चाहिए। इसी प्रकार बंटवारा के प्रकरणों का हल भी टाइम लिमिट में हो, सभी राजस्व अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उपरोक्त निर्देश कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शासन की फ्लेगशिप योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए उनके सफल क्रियान्वयन के लिए हर संभव प्रयास करें। कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण, एसईसीएल से प्राप्त भूमि पर पट्टा वितरण की प्रगति, वन अधिकार पट्टा वितरण एवं राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने इन योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर त्वरित कार्यवाही करने को कहा जिससे सभी पात्र हितग्राही लाभान्वित हो सकें। उन्होंने शहरी क्षेत्र में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण हेतु राज्य शासन से प्राप्त नए दिशा निर्देशों के अनुसार एकरूपता से कार्य करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के भी पात्र लोगों को गंभीरता से लाभान्वित करने के लिए कहा। इस हेतु शहरी क्षेत्रों में जल्द से जल्द सर्वे कार्य पूर्ण कराकर पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करने की बात कही। उन्होंने वन अधिकार पत्र के लंबित एवं निरस्त प्रकरणों की पुनः समीक्षा करते हुए पात्र पट्टों का ग्राम सभा से अनुमोदन करा कर जिला स्तर पर अनुमोदन हेतु भेजने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान कलेक्टर ने जिले में विभिन्न राजस्व मामलों के प्रगति की जानकारी लेते हुए उनकी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने समय सीमा से बाहर विवादित-अविवादित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों के निराकरण के लिए गंभीरता से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी अविवादित नामांतरण प्रकरण लंबित न रहे। सभी राजस्व अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विभिन्न राजस्व मामलों का समय-सीमा में निराकरण करने का विशेष प्रयास करें और कार्यों में प्रगति लाएं। उन्होंने इस हेतु सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित दिन राजस्व न्यायालयों में उपस्थित रहकर प्रकरणों की सुनवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में ई-कोर्ट में दर्ज प्रकरण, अभिलेख शुद्धता, डिजिटल हस्ताक्षरकृत खसरों की जानकारी, भू-नक्शा अद्यतीकरण सहित अन्य मामलों के प्रगति की समीक्षा की गई एवं लंबित प्रकरणों के जल्द निराकृत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, दिनेश कुमार नाग, संयुक्त कलेक्टर सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने 98 वें फाउंडेशन कोर्स के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों से की मुलाकात

- कलेक्टर ने कोसा शॉल व स्मृति चिन्ह किया भेंट

कोरबा/नवप्रदेश। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी के 98वें फाउंडेशन कोर्स के 2023 बैच के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों से कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में मुलाकात की। कलेक्टर ने उन्हें जिले के इतिहास, उद्योग, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विकास कार्यों की गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को जिले में निर्मित कोसा शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए कलेक्टर से जिले के प्रवास के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा की कोरबा जिले के पर्यटन स्थल, प्राकृतिक धरोहर, यहां की संस्कृति, सभ्यता के बारे में जानने का उन्हें मौका मिला है। यहां आकर उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला, इसके लिए उन्होंने कलेक्टर सौरभ कुमार को धन्यवाद दिया।

गौरतलब है कि लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी के 98वें फाउंडेशन कोर्स के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों की टीम कोरबा जिले के 5 दिवसीय प्रवास पर थे। ये सभी 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय राजस्व सेवा, भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा, भारतीय रक्षा खाता सेवा एवं भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी हैं। इन प्रशिक्षु अधिकारियों में अमित कुमार यादव, आदित्य कुमार सिंह, डॉ आदित्य शर्मा, शिवम यादव, अंजली भारद्वाज, अर्शिया छवि ठाकुर, शुभम मिश्रा, स्वर्णम भारद्वाज, आकांक्षा आनंद, मौर्या तेज, दीक्षिता जोशी, शुभम यादव, निखिल राय, मनेल बिजोत्रा शामिल है।

जिलास्तरीय छत्तीसगढ़िया ऑलंपिक खेल का समापन

- कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला
- विजेता प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशन तथा जिला खेल अधिकारी श्री गोपाल सिंह के मार्गदर्शन में जिलास्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 31 अगस्त से 2 सितंबर तक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम मनेंद्रगढ़ के खेल परिसर में किया गया। कार्यक्रम में 0 से 18 वर्ष, 18 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक महिला-पुरुष प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता में विभिन्न छत्तीसगढ़िया पारंपरिक खेलों जैसे खो-खो, कबड्डी, पिट्ठुल, रस्साकशी, बाटी, गिल्ली डंडा आदि में खिलाड़ियों ने अपने जौहर दिखाए।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर कलेक्टर श्री नरेंद्र दुग्गा ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। विजयी खिलाड़ी अब संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल सिदार, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के नोडल अधिकारी श्री पीके हरित, एसडीएम अभिलाषा पैकरा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय मिश्रा, जनपद सीईओ रघुनाथ राम तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

व्यय अनुवीक्षण समिति की बैठक 05 को

कोरिया/नवप्रदेश। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत व्यय अनुवीक्षण समिति द्वारा राजनैतिक दलों द्वारा किये जाने वाले व्यय का आकलन कर लेखा संधारण किया जावेगा। व्यय अनुवीक्षण समिति के समक्ष तहसील स्तर एवं नगर पालिका स्तर से प्राप्त सामग्री दर का अवलोकन कर आयोग द्वारा जारी दर निर्धारण के मापदण्डों के आधार पर कार्यवाही किये जाने हेतु 05 सितम्बर को समय 12.00 बजे से कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने व्यय अनुवीक्षण समिति के सभी सदस्य को अनिवार्य रूप से समय पर उक्त बैठक में उपस्थित होने को कहा है।

कलेक्टर ने सेल्फी जोन में फोटो क्लिक करके दिया जागरूकता का संदेश

- स्वीप एक्टिविटी में लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा, सभी ने मतदान करने लिया संकल्प

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा शनिवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेंद्रगढ़ में आयोजित स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग, बुजुर्ग, महिला, नागरिकों, स्कूली छात्र और छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के खिलाड़ियों को कलेक्टर श्री दुग्गा ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। चला संगी वोट देहे जाबो और चुनई चिरई के बैनर तले स्वीप जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं के साथ कलेक्टर ने सेल्फ़ी ज़ोन में फोटो खिंचाई। इसके साथ ही केंद्र में बने हुए मतदान संकल्प बोर्ड में सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने मतदाताओं को जागरूक करने स्लोगन लिखा। कलेक्टर श्री दुग्गा ने लिखा कि जिले कि सभी मतदाताओं को मतदान करने का अनुरोध करता हूँ तो वहीं अपर कलेक्टर श्री अनिल सिदार ने लिखा मतदान अधिकार ही नहीं दायित्व भी है इसलिए मतदान अवश्य करें।

एसडीएम मनेंद्रगढ़ श्रीमती अभिलाषा पैकरा, जिला पंचायत के नोडल अधिकारी श्री पीके हरित, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय मिश्रा, तहसीलदार श्री नीरज तिवारी, मण्डल संयोजक श्री संजय श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में मतदाता उपस्थित थे।

एकलव्य आदर्श विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रक्रिया 06 सितम्बर तक

कोरबा/नवप्रदेश। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया 06 सितम्बर 2023 तक दी जा रही है। एलडब्ल्यूई जिलों में विद्यार्थियों के प्रवेश परीक्षा में पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने से भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जिला स्तर पर मेरिट सूची तैयार कर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि भारत सरकार के नवीन दिशा-निर्देश अनुसार जिला स्तरीय मेरिट सूची तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिलों में प्रवेश प्रक्रिया हेतु मेरिट सूची के आधार पर विद्यालयों में विगत 28 अगस्त से 06 सितम्बर 2023 तक प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का प्रवेश सूचना नियमावली वर्ष 2023-24 में वांछित अभिलेख के साथ विद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। वांछित अभिलेखों के अभाव में प्रवेश प्रदान नहीं किया जाएगा।

जिले में प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्य विभाजन में आंशिक संशोधन करते हुए जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को अस्थाई रूप से विभिन्न दायित्व सौंपे हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर कोरबा प्रदीप कुमार साहू को कोरबा अनुविभाग अंतर्गत आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, विविध शिकायत प्रकरण, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-114, 115 के तहत प्रचलन की अनुमति सहित कलेक्टर द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार अपर कलेक्टर कटघोरा दिनेश नाग को कटघोरा अनुविभाग के अंतर्गत विविध शिकायत प्रकरण, भूमि आबंटन एवं व्यवस्थापन, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-114, 115 के तहत प्रचलन की अनुमति सहित कलेक्टर द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। अपर कलेक्टर कोरबा शिव बनर्जी को अनुविभाग पाली तथा पोड़ीउपरोड़ा अंतर्गत विविध शिकायत प्रकरण, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-114, 115 के तहत प्रचलन की अनुमति सहित कलेक्टर द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का दायित्व सौंपा गया है।

कुदरगढ़धाम में मत्था टेककर भाजपा प्रत्याशियों ने किया चुनाव अभियान का शंखनाद

- सूरजपुर जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे : बाबूलाल अग्रवाल

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रो मे भाजपा के घोषित प्रत्याशियों ने कुदरगढ़ धाम मे मत्था टेककर व विधिवत पूजा अर्चना कर चुनाव मे जीत के लिए आशीर्वाद के साथ चुनाव अभियान का शुभारंभ कर दिया है। प्रेमनगर क्षेत्र क्रमांक 04 के भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी, भटगांव क्षेत्र क्रमांक 05 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, प्रतापपुर क्षेत्र क्रमांक 06 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शकुंतला पोर्ते व वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल की अगुवाई में जिले भर के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बागेश्वरी देवी कुदरगढ़ी धाम पर पहुंच कर एक साथ तीनों प्रत्याशियों ने मत्था टेककर आशीर्वाद मांगा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी ने किया जोरदार स्वागत

ओड़गी के भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री राजेश तिवारी जी ने भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के साथ सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा के प्रत्याशियो का कुदरगढ़ पहुंचते ही माता की चुनरी भेटकर ढोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत किया।

भाजपा प्रत्याशियों ने किया कार्यकर्ताओं के साथ सहभोज

कुदरगढ़ धाम में दर्शन पश्चात तीनों भाजपा प्रत्याशियों ने सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या मे पहुंचे भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व समर्थको के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा के साथ सहभोज किया।

इस दौरान जिला महामंत्री राजेश अग्रवाल महलवाला, जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू, रामू गोस्वामी, अशोक सिंह, शिव प्रसाद सिंह, महेश्वर पैकरा, सुमन विजय प्रताप सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती, महामंत्री सावन गोयल, आशीष प्रताप सिंह, शिव राजवाड़े, सुमित साहू, राजेश साहू, अभय तिवारी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री नूतन विश्वाश, जिला सहमीडिया प्रभारी संस्कार अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, रामशिरोमणि साहू, शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सुरेंद्र राजवाड़े, सत्यनारायण जायसवाल, सुभाष राजवाड़े, मोहन शर्मा, देवधन बिंझिया, राजकुमार गुप्ता, अक्षय तिवारी, मार्तण्ड साहू, रामेश्वर वैश्य, केशव गुप्ता, सुनील साहू, राजेश यादव, भगवान मिश्रा, सतीश तिवारी, प्रमोद तायल, दरोगा सिंह, संत साहू, आसुतोष दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एस्मा लागू होने के बाद भी कार्य में नहीं लौटने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों पर एफआईआर

- राज्य शासन द्वारा एस्मा लागू करने के पश्चात जिला प्रशासन हुई सख्त
- स्वास्थ्य विभाग द्वारा हड़तालरत् 337 कर्मचारियों पर की जा रही दण्डात्मक कार्यवाही

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार द्वारा छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन एवं छत्तीसगढ़ इन सर्विस डॉक्टर एसोसिएशन संघ द्वारा विगत 21 अगस्त 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल में गए समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को एस्मा एक्ट के अंतर्गत तत्काल हड़ताल समाप्त कर अपनी सेवाएं देने के लिए पूर्व में नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य कर्मचारी सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं एवं उनके कार्य क्षेत्र में अनुपस्थिति के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त हड़ताल में स्वास्थ्य विभाग के कुल 337 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग संवर्ग, पर्यवेक्षक, स्वास्थ्य संयोजक, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता इत्यादि लोग सम्मिलित हैं।

कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने सीएमएचओ डॉ. एस. एन. केसरी को एस्मा एक्ट लगने के बाद भी कार्य पर उपस्थित नहीं होने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। एस्मा एक्ट के तहत जारी नोटिस के बाद भी स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा अपने ड्यूटी पर उपस्थिति नहीं दी गई है। उनके खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में सीएमएचओ एवं सभी बीएमओ द्वारा अपने विकासखण्ड के हड़तालरत कर्मचारियों के खिलाफ संबंधित थाने में एस्मा एक्ट 7 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कराया जा रहा है एवं उन्हें सेवा समाप्ति हेतु नोटिस भी दी जा रही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

पीएम मोदी को ...

व्यक्ति के हाथ में सौंपने की तैयारी है। रेलवे स्टेशन बेचा जा रहा है। हमारी सरकार गरीबों की सरकार है हम देश नहीं बिकने देंगे।

आज युवाओं के ...

आपके जमीन की रक्षा की। आदिवासी मतलब छत्तीसगढ़ के मालिक मतलब आपकी जमीन, जल, जंगल पर आपका अधिकार बने। आदिवासी युवा जो भी सपना देखना चाहे देखिए और उसे पूरा करें।

देश की बागडोर ...

पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के साथ सीनियर ऑब्जर्वर प्रीतम सिंह, सह प्रभारी विजय जांगिड़ समेत कई नेता मौजूद रहे।

सत्ता में आए तो,...

अविरत यात्रा चली मगर यह कांग्रेस सरकार लूट खशोट, भ्रष्ट और घोटाले की सरकार चल रही है। 2024 में मोदी की सरकार बनेगी। इसके पहले छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी। अगला चुनाव छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य का है। जनता को तय करना है भ्रष्ट सरकार चाहिए या भाजपा की विकास वाली सरकार चाहिए।

शाह के भाषण...

- आपने अगर गलती करी है तो एजेंसी आपके पास आएगी। गलत नहीं किया तो क्यों डरते हो?
- लैपटॉप, मोबाइल देने की योजना हमने शुरू की। आपने इसमें भी घोटाला किया
- विधायकों को लूट की खुली छूट दे दी गई है।
- भ्रष्टाचार इकट्ठा करने वाले छत्तीसगढ़ में कलेक्टर हैं।
- सीएम चाटुकारिता में व्यस्त, जनता से किए वादे भूल गए
- तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका, साड़ी वितरण की योजना बंद कर दी।? संग्रहण में कभी आई। योजना क्यों बंद की?
- 16 लाख गरीबों के मकान बनाने की पीएम आवास योजना बंद क्यों की?
- पूर्ण शराबबंदी का वादा कर 2100 करोड़ का घोटाला कर दिया।
- 2100 करोड़ रुपए टीप है। घोटाला इससे कहीं बड़ा है। कभी भी किसी घोटाले में वास्तविक रकम पकड़ में नहीं आती।
- सरकारी नौकरियों की नीलामी कर सरकार ने बेरोजगारों को छला।
- जो लोग जेल में बंद हैं, वो लोग इनके नाम उजागर न कर दें इसलिए इन्हें नींद नहीं आती।

8 को बाइडेन-मोदी ...

समिट में शामिल होने की पुष्टि करने वाले शुरुआती नेताओं में से एक हैं। भारत दौरे के वक्त वो दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल में रुकेंगे। बाइडेन की सुरक्षा के लिए अमेरिका की सीक्रेट सर्विस की टीम 3 दिन पहले ही भारत पहुंच जाएगी।

हाईकोर्ट ने सीएम...

अदालत की अवमानना को लेकर एक्शन होना चाहिए। याचिका में वकीलों के आंदोलन का भी हवाला दिया गया था। हाईकोर्ट ने आज याचिका पर सुनवाई करते हुए सीएम को नोटिस जारी कर दिया है।

बालासोर रेल हादसा...

ठहराया था। सीबीआई ने भुवनेश्वर की स्पेशल कोर्ट में 24 अगस्त को अपनी रिपोर्ट पेश की। इसमें जांच एजेंसी ने बताया कि पटरी पर बिना अप्रूवल हो रहे मरम्मत कार्य की वजह से ट्रेन हादसा हुआ था। इससे पहले बहनागा बाजार स्टेशन के लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 94 पर बिना मंजूरी के मरम्मत का काम किया गया था। सीबीआई ने कहा कि सीनियर डिवीजनल सिग्नल और टेलिकॉम इंजीनियर की मंजूरी के बिना ही वहां रिपेयरिंग वर्क हुआ था। इसके लिए सर्किट डायग्राम भी पास नहीं कराया गया था।

बीजेपी के आरोप ...

झूठी कार्रवाई करवाने के बावजूद भाजपा कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक भी प्रमाणिक आरोप लगाने की स्थिति में नहीं है। ईडी के माध्यम से पटकथा जरूर तैयार कराया लेकिन वह भी सतही और काल्पनिक साबित हुई है।

रमन सिंह के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रमन सरकार के दौरान हुए 36000 करोड़ रुपए के नान घोटाला, 6000 करोड़ रुपए का चिटफंड घोटाला, पनामा पेपर मामला की जांच के लिये प्रधानमंत्री को पत्र लिखे जिसकी जांच क्यों नहीं करवायी जा रही है जिसका जवाब अमित शाह नहीं दिया। 4400 करोड़ का शराब घोटाला और 1677 करोड़ रुपए का गौशाला अनुदान घोटाला के आरोपी रमन सिंह, शाह के साथ मौजूद थे। आय से अधिक संपत्ति के मामले में रमन सिंह के खिलाफ पीएमओ में लंबित शिकायत पर मौन क्यों है? गढ़मुक्तेश्वर में रिसॉर्ट और कलकत्ता की कंपनी से फर्जी एंट्री पर रमन सिंह के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं हो रही है। बृजमोहन अग्रवाल के परिजनों ने झलकी में सरकारी जमीन में कब्जा के मामला में शिकायत पीएमओ में लंबित है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 8235/NIT-15/2023-2024/ व ले लि दिनांकः 31/08/2023

निविदा प्रपत्र कय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 13.09.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 21.09.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 22.09.2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
कार्य की अवधि :- 31.10.2023 वर्षा ऋतु सहित
निविदा प्रपत्र की कीमत :- 750/- रूपये
निविदाकारों की श्रेणी :- ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रु. में)
15 T0201	बिलासादेवी केंवट एयरपोर्ट चकरभाठा बिलासपुर में रनवे स्ट्रिप 35 राईट साईड में विद्युतीकरण कार्य	19.91	14932.50
15 T0202	बिलासादेवी कॅवट एयरपोर्ट चकरभाठा बिलासपुर में रनवे स्ट्रिप 35 लेफ्ट साईड में विद्युतीकरण कार्य	19.96	14970.00

नोट -
1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा फार्म का लिफाफा-2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बड़े लिफाफा-1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जायेगी।
3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./एफडी.आर) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है।
4. आवेदन के जीएसटी नंबर संलग्न करना अनिवार्य है।
5. वित्तीय वर्ष 2022-23 का जीएसटी रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-04876/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)
संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

डीएवी पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

■ **डीएवी परिवार किरंदुल का 34 वर्ष काफी स्मरणीय रहा – प्राचार्य पीएल वर्मा**

किरन्दुल/नवप्रदेश। डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल की 34 वां स्थापना दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक , किरंदुल कामप्लेक्स पद्मनाथ नाईक के दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर मृणालिनी पी. नाईक अध्यक्षा प्रेरणा महिला समिति, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बी. के .माधव उप महाप्रबंधक कार्मिक, इंदिरा माधव, छत्तीसगढ़ जोन एफ की सहायक क्षेत्रीय अधिकारी चेतना शर्मा, एस के एम एस यूनियन के सचिव राजेश संधू, एवं मधुकर सितापराव कार्यकारी अध्यक्ष, प्राचार्य बी आई ओ पी स्कूल ए के विश्वास , प्रकाश विद्यालय फादर फिलिप अब्राहम एवं अभिभावकगण उपस्थित थे । नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्वागत नृत्य के द्वारा सभी अतिथियों के मन मोह लिए ।मुख्य अतिथि महोदय ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया एवं 2023 - 24 के शैक्षणिक सत्र के अन्य गतिविधियों का सुचारू संचालन हेतु विद्यालय प्रतिनिधियों के रुप में विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा कत्थक नृत्य ,कृष्ण लीला एवं मराठी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई । विद्यालय में 25 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने हेतू दीपाश्री मैडम को प्रशस्ति चिन्ह प्रदान किया गया महाप्रबंधक महोदय ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना की । डी ए वी पब्लिक स्कूल, किरंदुल की सेवा निवृत शिक्षक, प्रशांत राय सर के द्वारा शारदा फाउंडेशन स्कॉलरशिप नाम से छात्रवृति शुरू की गई। यह छात्रवृति आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं कि शैक्षणिक सहयोग हेतु एक प्रयास है। यह छात्रवृति प्रति वर्ष दो छात्र/छात्राओं की दी जाएगी। प्रथम वर्ष की यह छात्रवृति कुमारी प्रांजलि , कक्षा ग्यारहवीं कॉमर्स को पद्मनाभ नाईक व मृणालिनी नाईक, अध्यक्षा प्रेरण। महिला समिति के कर कमलों से प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ जोन एफ की सहायक क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती चेतना शर्मा ने स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी अंत में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका विज्ञा त्रिपाठी द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया । विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी शिक्षकों एवं छात्रों को शुभकामनाएं दी।

चारामा पुलिस ने चोरी के दो प्रकरणों का किया खुलासा

■ **एक माह पूर्व रिटायर्ड आर्मी जवान सहित रेतसरा के शिक्षक के यहां चोरी का हुआ खुलासा**

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। चारामा पुलिस ने एक माह पूर्व हुई दो चोरी के मामले में चोरी के माल समेत आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है।दोनो मामलों में कुल 03 आरोपीयों का गिर0 किया गया है। 101 सूरज देवागन पिता स्व सुरेश देवागन उम्र 19 वर्ष निवासी दरगहन दुजराम गावडे पिता स्व धर्मराज गावडे उम्र 22 वर्ष निवासी दरगहन 03. सजू सोनकर पिता स्व मोहन सोनकर उम्र 25 वर्ष निवासी दरगहन को गिरफ्तार किया गया है।

मामले में विवेचना के दौरान दिव्यांग पटेल पुलिस अधीक्षक के विशेष निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर मोहसिन खान एसडीओपी कांकेर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चारामा निर्देशन में अज्ञात आरोपी चोर एवं चोरी गये संपत्ति का पतासाजी किया जा रहा था जो मुखबिर से सूचना मिला कि कुछ संदिग्ध लोग सोने चांदी के जेवरात अपने पास रखे हैं और बेचने के फिराक में है कि सूचना पर दबिश देकर उक्त संदिग्ध 03 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिन्होने 30 अगस्त 23 ग्राम सिरसिदा में एवं 05 जुलाई 23 को ग्राम रतेसरा में चोरी घर में घुसकर चोरी करना बताये है जिनसे पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया जिन्होने चोरी गये संपत्ति जेवरात को अलग अलग जगहों पर छुपाकर रखना बताये उक्त बताये स्थान से गवाहों के समक्ष बरामद किया गया है जो दोनों प्रकरण में कुल लगभग 1,50,000/- रू का चोरी गयी जेवरात एवं नगदी रकम 8000/- रुपये बरामद कर जप्त किया गया है प्रकरण में आरोपीयों द्वारा दिनांक घटना समय में अपराध कारित करना स्वीकार करने पर गिर.किया गया है जिन्हें न्यायालय पेश किया गया है।

चारामा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार

एक माह पूर्व ग्राम रेतसरा के शिक्षक के घर में हुई थी चोरी (03) लगभग 150000 स का सोने चांदी का जेवरात एवं नगदी रकम की चोरी की गयी थी।

थाना धारामा के प्रकरण में 01 सितंबर 23 को प्रार्थी श्रीमति कामिनी ठाकर पति मुकेश कुमार उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सिरसिया थाना चारामा आकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि 30 जून 23 को शाम 05.10 बजे अपने घर में ताला लगाकर बच्चों के साथ जिला दुर्ग भाई को राखी बांधने गयी थी पिताजी कन्हैया सिंह ठाकुर को घर देख रेख करने के लिये बोला गया था।

निश्चल प्रेम प्रभु प्राप्ति का सरल साधन : मां ध्यानमूर्ति महाराज

जगदलपुर/नवप्रदेश। पंजाब सनातन धर्म सभा पंजाब सनातन महिला सत्संग सीमित द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत के मंगलाचरण के साथ आज की कथा का आरंभ हुआ। वृंदावन से पधारी मां ध्यानमूर्ति महाराज ने बताया कि मंगलाचरण अति आवश्यक है जिनका मंगल आचरण हो उन्ही का मंगलाचरण होता है और श्रीमद् भागवत में केवल सत्य को प्रतिपादित किया गया है। सिर्फ सत्य की वंदना की गई है।

इसके बाद भागवत कथा के अद्वितीय वक्ता शुकदेव महाराज के जन्म कर्म की कथा सुनाई नारद द्वारा वेद व्यास जी के क्षोभ को दूर करने के लिए अपने पूर्व जन्म की कथा सुनाई एवं अद्वितीय श्रोता परीक्षित महाराज के जन्म की कथा श्रवण कराई कि किस प्रकार भगवान ने गर्व में परीक्षित महाराज के प्राणों की रक्षा की कुंती स्तुति और भीष्म स्तुति की पावन कथा का श्रवण लाभ उपस्थित भक्तों ने प्राप्त किया।

राजा परीक्षित ने कलियुग पर दया की और कलयुग के प्रभाव में उन्होंने ऋषि के गले में मृत सर्प डाला जिसकी वजह से उनको सात दिन में सर्प दंश के कारण मृत्यु का श्राप मिला उनकी मृत्यु को मंगलमय बनाने के लिए सभी ऋषि मुनियों की उपस्थिति में शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित पर कृपा की और उनको भागवत कथा सुनने गंगा तट पहुंचे कथा विश्राम के समय सभी भक्तों को विदुर के पावन चरित्र की कथा का लाभ मिला की केसे भगवान ने दुर्योधन के 56 भोगों को छोड़कर प्रेम के वश विदुर जी के यहां केले के छिलके खाए कथा के साथ आज सुंदर मनमोहक झांकियों का लाभ भी सभी भक्तो ने प्राप्त किया।

पोटाकेबिन के 55 बच्चे हुए बीमार, 44 को वायरल फीवर

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सुकमा जिले के एक पोटाकेबिन के 55 बच्चे बीमार हैं। इनमें 44 बच्चों को वायरल फीवर है तो वहीं 4 बच्चे मलेरिया के शिकार हो गए हैं। जबकि 7 बच्चों को खुजली की बीमारी है। कुछ बच्चे उल्टी-दस्त से भी जूझ रहे हैं। सभी बच्चों को अस्पताल लेजाया गया था, यहां इलाज के बाद उन्हें वापस पोटाकेबिन लाया गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि आज स्वास्थ्य विभाग की एक टीम को भी पोटाकेबिन भेजा जाएगा।

दरअसल, मामला जिले के गादीरास के मिच्ची पारा में स्थित पोटाकेबिन का है। वर्तमान में इस पोटाकेबिन में लगभग 369 बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रक्षाबंधन के बाद से ही एकाएक बच्चों की तबियत बिगड़ने लगे थी। एक दिन पहले करीब 39 बच्चों को गादीरास के अस्पताल लाया गया था। सभी बच्चों की खून जान की गई। जिसमें 4 को मलेरिया 1 को खुजली, 29 को वायरल फीवर और को उल्टी-दस्त की शिकायत थी। अस्पताल के स्टाफ हड़ताल पर हैं इसलिए डॉक्टर ने सभी को दवा देकर जिला अस्पताल जाने की सलाह दी थी। वहीं अब 16 अन्य बच्चे बीमार हो गए। इनमें भी अस्पताल लाया गया। इनमें से 6 बच्चों को खुजली और 10 को वायरल फीवर है। फिलहाल सभी बच्चे पोटाकेबिन में ही हैं। गादीरास अस्पताल के ऋऋह्ल डॉ. राजेंद्र पांडेय ने बताया कि, पोटाकेबिन के बच्चों के बच्चे वायरल फीवर और खुजली की बीमारी से जूझ रहे हैं। खाने में ध्यान और साफ-सफाई रखने की सलाह दी गई है।

ऐसे पता चली बीमारी

पोटाकेबिन के दो बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत थी। इसकी जानकारी पोटाकेबिन के अनुदेशक ने अधीक्षक को दी। जिसके बाद अधीक्षक ने बाकी बच्चों से भी समस्या पूछी। जिस पर एक-एक कर कुल 55 बच्चों ने अपनी समस्या बताई। इसमें सर्दी, खांसी, बुखार पेट दर्द, खुजली समेत अन्य शिकायतें मिली। फिर सभी को अस्पताल लाया गया। जिन्हें दवाइयां दी गईं हैं।

उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर ने आयुष चिकित्सकों को किया सम्मानित

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत कांकेर जिले के तीन आयुष चिकित्सकों को कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने सम्मानित किया। आयुष कायाकल्प पुरस्कार अन्तर्गत बस्तर संभाग से कांकेर जिले के कोटतरा आयुष केन्द्र प्रभारी चिकित्सक डॉ धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर को प्रथम पुरस्कार, तरहुल आयुष केन्द्र प्रभारी डॉ प्रवीण श्यामल को द्वितीय पुरस्कार और दबेना आयुष केन्द्र प्रभारी चिकित्सक डॉ ललित सार्वा को तृतीय पुरस्कार दिया गया है। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने पुरस्कृत तीनों चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ सुखपाल ध्रुव सहित जिले के सभी आयुष चिकित्सक उपस्थित थे।

कांग्रेस विधायक के बयान पर भाजपा प्रत्याशी का पलटवार

■ **जो स्वयं पैराशूट विधायक वो मुझे अनुभवहीन न समझे : आशा नेताम**

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर विधानसभा चुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी आशाराम नेताम ने अपने आप को अनुभवहीन बताने पर विधायक शिशुपाल शोरी पर पलटवार करते कहा कि जो व्यक्ति स्वंय राजनीति में अनुभवहीन है और जिसने वर्षो से कांग्रेस का कार्य कर रहे नेताओं का हक मारकर पैराशुट के माध्यम से टिकट हासिल कर झुठे वादों से विधायक बन गया हो वो मुझे अनुभवहीन बता रहा है। अशाराम नेताम ने कहा कि मै पिछले 25 वर्षो से भाजपा संगठन में कार्य कर रहा हूं । भाजपा मे मण्डल मंत्री, मण्डल अध्यक्ष और अभी अजजा मोर्चा का जिलाध्यक्ष हूं। ग्राम बेवरती का सरपंच, जनपद सदस्य रहा हूं। भाजपा ने एक गरीब किसान के बेटे को प्रत्याशी बनाया है तो कलेक्टर रहे विधायक शिशुपाल शोरी अपनी टिकट कटने और कांकेर विधानसभा से कांग्रेस की हार के डर से अपना मानसिक संतुलन खो बैठे है और उलजुलुल बयानबाजी कर रहे है। विधायक शिशुपाल शोरी को भाजपा की चिंता छोड़कर अपनी ओर अपनी पार्टी की चिंता करनी चाहिए । इनके खुद के सर्वे में विधायक शिशुपाल शोरी की स्थिति बेहद खराब है और उन्हें दोबारा टिकट मिलेगा या नही ये भी तय नही है। आशा नेताम ने विधायक शिशुपाल शोरी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि इनके कांग्रेस पार्टी के नेता ही विधायक के कमीशनखोरी ओर भ्रष्टाचार से त्रस्त है इसलिए शिशुपाल शोरी को दोबारा टिकट देने के खिलाफ है। विधायक के स्वीकृत हर कार्य में भ्रष्टाचार स्पष्ट दिख रहा है।

श्री नेताम ने कहा कि भाजपा पार्टी ने कांकेर विधानसभा को कौन सी केटेगरी में रखा है इसकी चिंता छोड़कर कांग्रेस के सर्वे में उन्हें चुनाव हारने वाली केटेगरी में रखा गया है उस बात पर गम्भीरता से सोचना चाहिए। मुझे कमजोर प्रत्याशी समझ रहे है तो मेरे खिलाफ चुनाव लड़ कर देख लें जनता जबाव दे देगी कि कमजोर प्रत्याशी कौन है? आज गांव-गांव में जनता, कांग्रेस के 36 वादों की लिस्ट लेकर कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधि का इंतजार कर रही है। गंगाजल की झूठी कसम खाकर झुठ की बुनियाद पर सरकार बनाने वाली कांग्रेस पार्टी को जनता सबक सिखयेगी और भाजपा को प्रचंड मतो से विजयी बनायेगी। कांकेर विधानसभा ही नही हम पूरे प्रदेश में प्रचण्ड मतों से जीतेंगे व छग में पुनः भाजपा सरकार की सत्ता में वापसी होगी ।

मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणपुर के खेल मैदान से बाईक-रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। बाईक-रैली का शुभारंभ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत एंव पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा के साथ बाईक में चलाकर रैली का शुभारंभ किया गया। बाईक रैली शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान से होते हुए नयापारा, अम्बेडकर चौक, दीनदयाल कॉलोनी, अटल आवास, रामकृष्ण मिशन आश्रम चौक, सुभाषचन्द्र चौक, डी.एन.के. कॉलोनी, जय स्तंभ चौक, तहसीलपारा, सोनपुर रोड, पाठक चौक, चांदनी चौक, देवांगनपारा, महावीर चौक, माड़िन चौक, कुम्हारपारा, देवनाथ पुजारी मार्ग, बुधवारी बाजार होते हुये, मेन रोड से गुडरीपारा के मैदान में मतदाताओं को मतदाता का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान करने के लिये जागरूक किया गया तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाकर बाईक रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.डी. मंडावी, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जितेन्द्र कुमार कुर्रे, तहसीलदार अभयजीत मंडावी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिम्मत सिंह उईके, नायब तहसीलदार हरिप्रसाद भोय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में बाईक रैली में भाग लिये।

कलेक्टर ने रात में अस्पताल सहित शहर का किया निरीक्षण

■ **सड़क में मिले घुमंतू मवेशी अस्पताल में पाई कमियां**

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर के अलबेला पारा स्थित मातृ एवं शिशु रोग विभाग तथा घुमन्तू पशुओं के कारण दुर्घटना जन्य स्थलों का गत रात्रि में औचक निरीक्षण किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कांकेर शहर से लेकर गोविंदपुर तक निरीक्षण कर दुर्घटना जन्य स्थलों का जायजा लिया तथा सड़कों पर बैठे हुए पशुओं को पकड़ कर उन्हें नरहरदेव स्कूल के सामने स्थित कृषि महाविद्यालय के पुराने भवन में रखने के निर्देश दिए,साथ ही घुमन्तू पशुओं के कारण दुर्घटना को रोकने के लिए लगातार मुहिम चलाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया।

कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने अलबेला पारा स्थित मातृ एवं शिशु रोग अस्पताल का भी रात्रि में औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से बातचीत की। उपचार के संबंध में पूछताछ किया, दवाईयों के उपलब्धता की जानकारी ली एवं अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया निरीक्षण के दौरान ड्यूटी स्थल से गैरहाजिर डाक्टर को कारण बताओ नोटिस भी जारी करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया।

वजन त्यौहार का किया गया औपचारिक शुभारंभ

■ **13 सितम्बर तक चलाया जाएगा वजन त्यौहार**

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में आज से 13 सितम्बर तक वजन त्यौहार मनाया जा रहा है, जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रों में दाखिल बच्चों का समुदाय के समक्ष वजन लिया जा रहा है। जिले के कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज राजा पारा (आवासपारा) के आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्यौहार का औपचारिक शुभारंभ किया तथा वजन त्यौहार के प्रचार प्रसार हेतु तैयार किए गए सुपोषण रथ को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी अधिकारियों को वजन त्यौहार सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देष दिये। उन्होंने अपने समक्ष आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का वजन तौलने को भी कहा। कुपोषण के प्रति सभी लोगो को मिलजुल कर प्रयास करने की समझाईष देते हुए उन्होंने कहा कि खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना सबकी जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने कुपोषण से मुक्ति पा चुके बच्चों और उनकी माता को सम्मानित कर उपहार भी प्रदान किया। इस अवसर पर उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को कविता सुनाने कहा गया तथा उनसे सवाल पूछे। जिले के कलेक्टर का नाम पूछे जाने पर बच्चों ने उनका नाम बताया।

कलेक्टर ने हमर लक्ष्य कार्यक्रम की प्रगति जताई नाराजगी, कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

■ **10वीं के 11 विद्यालयों को डी ग्रेड एवं कक्षा 12वीं के 12 डी ग्रेड विद्यालयों के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी**

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला द्वारा हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत विकासखंड कांकेर, चारामा, नरहरपुर के हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक लिया गया। उन्होंने जिले में संचालित होने वाले अनुरोध कार्यक्रम के प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसे कड़ाई से जिले के समस्त विद्यालयों में लागू करने के निर्देश दिये तथा अनुपस्थित बच्चों की शत प्रतिषत उपस्थिति सुनिष्चित करने के लिए निर्देषित किया। माह जुलाई में कक्षा 10वीं के 11 विद्यालयों को डी ग्रेड एवं कक्षा 12वीं के 12 डी ग्रेड विद्यालयों के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देष दिये गये। कांकेर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोकपुर, माकडीखुना, सुरेली, बागोडार, पुसवाडा, सिदेसर, कोकानपुर, नरहरपुर विकासखंड से कुरालठेमली, मुरूमतरा, थानाबोडी, मुसुरपुटटा, ठेमा, दुधावा, सारवंडी, चारामा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरी, किसनपुर, बडेगौरी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हल्बा। इसके अतिरिक्त मासिक मूल्यांकन में 100 प्रतिशत रिजल्ट देने वाले विद्यालयों क्रमशः स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सरोना, नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय कांकेर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चारामा, तारसगांव, जेपरा, बीरनपुर, दबेना, हटका चारामा की प्रशंसा की गई। कलेक्टर ने सी एवं डी ग्रेड वाले विद्यालयों को तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिये, साथ ही इन विद्यालयों में औचक निरीक्षण कर शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दिये है। कलेक्टर ने त्रैमासिक परीक्षा हेतु जिले से प्रश्न पत्र तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, साथ ही जिन स्कूलों ने पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं किया है उन्हें जिला द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप पाठ्यक्रम पूर्ण करने के निर्देश दिये ताकि माह सितंबर 2023 के अंतिम सप्ताह में आयोजित त्रैमासिक मूल्यांकन में सम्पूर्ण जिले में एकरूपता बनी रहे। माह सितम्बर त्रैमासिक मूल्यांकन के पूर्व जेईई एवं नीट हेतु मॉक टेस्ट आयोजित करने के निर्देश भी दिये। जेईई नीट प्रवेश परीक्षा हेतु विकासखंड स्तर पर केन्द्र बनाया गया है, इसके अतिरिक्त सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को विषय व्याख्याताओं की प्रशिक्षण प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक विद्यालयों में अच्छे एवं कम अच्छे बच्चों का चिन्हांकन कर लिया गया है इन अच्छे बच्चों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी, राइटिंग स्किल, जेईई नीट की तैयारी अलग से कराने तथा कम अच्छे बच्चों की रेमेडियल कक्षाओं का संचालन करने के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर ने माह जुलाई की समीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले व्याख्याताओं की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, साथ ही इन व्याख्याताओं की बैठक सह कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश भी दिये गये। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने कहा कि पाठ्यक्रम को रूचि पूर्ण बनाते हुए तकनीकी का उपयोग कर बेहतर अध्यापन व्यवस्था विद्यालय में लागू किया जावे ताकि बच्चे प्रत्येक कक्षा में अच्छे और मन से अध्ययन कर सकें। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन सहित सहायक संचालक, बीईओ, एपीसी समस्त प्राचार्य व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए।

नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

धरसींवा विधानसभा : कांग्रेस लहर में ढह गया था बीजेपी का किला!

सूरज सोनी

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिले की धरसींवा विधानसभा सीट बीजेपी का मजबूत किला हुआ करती थी। जब से छत्तीसगढ़ राज्य बना है तब से लेकर अब तक यहां पर भारतीय जनता पार्टी की ही जीत हो रही थी। देवजी भाई पटेल इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगा चुके थे, लेकिन 2018 में कांग्रेस लहर में भारतीय जनता पार्टी का ये किला ढह गया। कांग्रेस की अनिता शर्मा ने देवजी भाई पटेल को 19400 मतों से हराया था। कांग्रेस इस सीट को 2023 में बरकरार रखने के लिए जद्दोजहद कर रही है। वहीं बीजेपी दोबारा इस सीट को जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र का ज्यादातर हिस्सा औद्योगिक क्षेत्र में आता है। इस विधानसभा क्षेत्र में 90 के दशक में ही औद्योगिकरण की शुरुआत हुई। इसके बाद से लगातार यहां उद्योग धंधे बढ़ने लगे. वर्तमान में खेती बाड़ी के लिए महज कुछ हिस्सा ही बाकी है। यह विधानसभा सीट सामान्य श्रेणी में है। वर्तमान में यहां से कांग्रेस की अनीता शर्मा विधायक हैं। अनीता शर्मा कांग्रेस नेता योगेंद्र शर्मा की पत्नी हैं, जिनकी साल 2013 में झीरम घाटी नक्सली हमले में मौत हो गई थी। उस दौरान कांग्रेस ने उनकी पत्नी अनीता शर्मा को धरसींवा से टिकट दिया। लेकिन वे 2000 वोटों से हार गईं। हालांकि 2018 में भी कांग्रेस ने फिर से अनिता को टिकट दिया और इस बार वे लगभग 19400 मतों से विजयी रहीं। धरसींवा विधायक चुने जाने के बाद अनीता शर्मा को छत्तीसगढ़ विधानसभा में सरकारी उपक्रमों और प्रत्यायुक्त विधानसभा समिति का सदस्य भी बनाया गया।

अनिता शर्मा

देवजी भाई पटेल

धरसींवा विधानसभा सीट के प्रमुख मुद्दे और समस्याएं

धरसींवा विधानसभा में बिजली, पानी, सड़क की सुविधा तो बेहतर है लेकिन यहां के लोगों को भारी प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। यहां सीमेंट प्लांट से लेकर रेलिंग मिल तक सभी उद्योग हैं। औद्योगिक क्षेत्र होने की वजह से यहां धुंए का गुबार चारों ओर देखने को मिलता है। लोगों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यही वजह है कि यहां सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा प्रदूषण रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने प्रदूषण को ही मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ा और जीतने के बाद इसी मुद्दे को किनारे कर दिया। यही वजह है कि आज भी यह क्षेत्र भारी प्रदूषण की समस्या झेल रहा है। हालांकि लगातार स्थापित हो रहे उद्योगों की वजह से यहां रोजगार की समस्या न के बराबर है। लोगों को रोजगार मिल रहा है. हालांकि अब रोजगार के अवसर पर भी बाहरी लोगों के कब्जे में होने से स्थानीय बेरोजगारों के सामने एक बड़ी चुनौती है।

कांग्रेस से ये हैं दावेदार

कांग्रेस से वर्तमान विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा की दावेदारी मजबूत मानी जा रही हैं। इसके अलावा कांग्रेस के युवा नेता भावेश बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा, जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष देवव्रत नायक, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद देवांगन, आरंग जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेश देवांगन दावेदारी पेश की हैं।

भाजपा में इनका दावा मजबूत

भाजपा में प्रमुखरूप से पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, खरोरा नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्रा, अजय शुक्ला, छत्तीसगढ़ी कलाकार अनुज शर्मा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष डॉ गुलाब टिकरिहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रकाती वर्मा, ज़िला पंचायत सदस्य सोना वर्मा, राम खिलावन धीवर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश नायक, राम खिलावन वर्मा प्रमुख दावेदार हैं।

पिछले चार विधानसभा चुनाव के परिणाम

2003 के नतीजे	2008 के नतीजे	2013 के नतीजे	2018 के नतीजे
देवजी भाई पटेल बीजेपी कुल वोट मिले 57637	देवजी भाई पटेल बीजेपी कुल वोट मिले 51396	देवजी भाई पटेल बीजेपी कुल वोट मिले 69419	अनीता शर्मा कांग्रेस कुल वोट मिले 78989
छाया वर्मा कांग्रेस कुल वोट मिले 41520	छत्रपाल सिरमौर कांग्रेस कुल वोट मिले 45057	अनिता शर्मा कांग्रेस कुल वोट मिले 67029	देवजी भाई पटेल बीजेपी कुल वोट मिले 59589

मतदाताओं पर एक नजर

कुल मतदाता	2,09,629
पुरुष मतदाता	1,05,723
महिला मतदाता	1,03,900
थर्ड जेंडर मतदाता	06

भाजपा का आरोप पत्र सत्यता और दस्तावेजों पर आधारित : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को भाजपा के आरोप पत्र पर कहा कि ये सत्यता और दस्तावेजों पर आधारित है। कांग्रेस की यह सरकार लूट, अन्याय, अत्याचार, माफिया राज की सरकार है। इसने युवाओं का, महिलाओं का और मजदूरों का शोषण किया है।

इस सरकार ने प्रदेश को सिर्फ लूटने का काम किया है और कुछ नहीं किया। बृजमोहन ने आगे कहा कि ये बहुत छोटा दस्तावेज है, अगर इस सरकार के खिलाफ पूरे भ्रष्टाचार को उजागर किया जाए तो एक बड़ी पुराण तैयार हो जाएगी। ये भ्रष्टाचार, लूट, अत्याचार और माफि या की सरकार है। अब इन आरोपों पर कांग्रेस के साथ हर मंच पर बहस करने को तैयार है। कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को एटीएम बनाकर अपने केंद्रीय नेतृत्व को खुश करने का काम किया है। इसको लेकर भाजपा के कार्यकर्ता लोगों को बीच जाएंगे। राहुल गांधी की राजीव युवा मितान सम्मेलन पर उन्होंने कहा कि ये सरकारी सभा है, लोगों को पैसे देकर बुलाया गया। ये भ्रष्टाचार की सभा है। कांग्रेस के कुछ लोगों को उपकृत करने के लिए 132 करोड़ रुपए बांट दिये गए, ये उनकी सभा है। कांग्रेस द्वारा काला चिट्ठा जारी करने पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेसी दूध से धुले हुए है तो ईडी और आईटी से क्यों डर रहे हैं। कहना चाहिए दोनों संस्था छत्तीसगढ़ में अच्छा काम कर रही है। भ्रष्टाचारियों को जेल में डाल रही है। और अगर ईडी-आईटी पूरे प्रदेश में जांच करेगी तो एक लाख करोड़ रुपए का घोटाला सामने आएगा। अब हमारी रणनीति है कि गांव-गांव और घर-घर पर हमारे कार्यकर्ता जाएंगे और इस सरकार की लूट का खुलासा करेंगे। लघु एवं सूक्ष्म उद्योग विभाग के कार्यक्रम में बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। इस पर उन्होंने कहा कि आदिवासियों की कला और उनके बनाए उत्पाद को बाजार मिले, इस उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। इसे केंद्र सरकार की सहायता से किया गया। इससे पीएम मोदी के लोकल फ ार वोकल को मदद मिलेगी।

आज कांग्रेस की बड़ी बैठक होगी

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में 03 सितंबर रविवार को दोपहर 3 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कार्यकारिणी, जिला एवं शहर अध्यक्ष और मोर्चा संगठन सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई के प्रदेश अध्यक्षों का विस्तारित बैठक होगी।

इस बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप-मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी द्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरीशंकर उल्का, संयुक्त सचिव विजय जांगिड़ शामिल होंगे।

भाजपा के पूर्व विधायक प्रत्याशी श्याम तांडी कांग्रेस में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए कुछ ही महीने का समय बाकी है लेकिन दल बदलकर हित साधने की कोशिशें भी जारी है। बीजेपी में टिकट नहीं मिलने से नाराज सरायपाली के नेता श्याम तांडी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की मौजूदगी में तांडी ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

महासमुन्द जिले के सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से साल 2018 के चुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी रहे श्याम तांडी और उनके साथ सैकड़ों समर्थकों ने रायपुर में कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन आकर सदस्यता ली जानकारी के अनुसार सरायपाली विधानसभा सीट से गाड़ा समाज को टिकट नहीं मिलने से नाराज थे इसलिए उन्होंने कांग्रेस में प्रवेश किया। बीजेपी ने 21 प्रत्याशियों की जारी की थी सूची सरायपाली से सरला कोसरिया को टिकट मिली है। कुछ दिनों पहले भाजपा 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की थी। वहीं गाड़ा समाज को टिकट नहीं देने से नाराज होकर श्याम तांडी कुछ दिन पहले भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से अपने समर्थकों के साथ इस्तीफा दे चुके हैं। श्याम तांडी के कांग्रेस प्रवेश करने से बीजेपी की मुश्किलें बढ़ सकती है। श्याम तांडी 2018 में सराईपाली से भाजपा के उम्मीदवार थे लेकिन उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी किस्मत लाल नंद से करीब 52 से ज्यादा वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। शुक्रवार को राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख दीपक बैज की मौजूदगी में श्याम तांडी ने कांग्रेस प्रवेश लिया और पार्टी की रीति-नीति के अनुसार चलने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

सरकार बदलने आरोप पत्र के सारे बिंदुओं से जनता को कराएंगे अवगत : रमन

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफकेंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सानिध्य में शनिवार को आरोप पत्र जारी किया। इस अवसर पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार की सीरीज चलाने का आरोप लगाते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है, यह चुनाव छत्तीसगढ़ की सुनहरे भविष्य को आधारशिला रखने वाला चुनाव है।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस मौके पर कहा कि आज छत्तीसगढ़ के गांव-गांव और गली-गली में किसानों-मजदूरों, माताओं-बहनों, युवाओं, शिक्षित बेरोजगारों, हर वर्ग के लोगों के मुख से एक ही नारा गूंज रहा है- बदलबो बदलबो, ये दारी कांग्रेस के भ्रष्ट भूपेश सरकार ला बदलबो। डॉ. सिंह ने कहा कि 2018 में कांग्रेस के जनघोषणा पत्र में किए गए सारे वादे झूठे निकले, जनता की आँख में धूल झोंककर और झूठे वादे करके सरकार बनाकर सत्ता में आने वाले भूपेश बघेल के झूठ के पुलिंदे का हिसाब आज जनता मांगने तैयार खड़ी है। छत्तीसगढ़ में आज माफिया राज, लूट-खसोट के राज, भय और आतंक के राज जो स्थिति बनी हुई है, उसमें क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए हम सब मिलकर इस आरोप पत्र के लोकर जनता के बीच जाएंगे और जनता के बीच यह संदेश पहुँचाएंगे कि कांग्रेस सरकार ने अपने शासनकाल में जो लूट मचाई है, उसे देश की राष्ट्रीय जाँच एजेंसियों ने प्रमाणित किया है। हजारों करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार में लिप्त यह सरकार, 600 करोड़ रुपए का चावल घोटाला करने वाली सरकार, 2 हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला करने वाली सरकार, 500 करोड़ रकुपए से ज्यादा का कोयला घोटाला करने वाली सरकार अब जुँआ और सच्चे में लिप्त होकर महादेव एप के संरक्षण देने में लगी है। ऐसी भ्रष्ट सरकार को बदलने के लिए हम सब संकल्पित होकर आरोप पत्र के सारे बिंदुओं से प्रदेश के जन-जन को अवगत कराएंगे।

अत्याचार का लेखा-जेखा और सच्चाई है

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का यह आरोप पत्र महज प्रदेश सरकार पर आरोप ही नहीं हैं अपितु कांग्रेस सरकार के शासनकाल के कारनामों, भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, अत्याचार का लेखा-जेखा और सच्चाई है, जिसे लेकर हम अब जनता के बीच जा रहे हैं। प्रदेश सरकार के शासनकाल के कुकर्म और कलंक को आरोप पत्र के रूप में जनता के बीच रख रहे हैं। आज छत्तीसगढ़ का हर वर्ग इस सरकार से संत्रस्त है और इसीलिए अब हर कोई यह कह रहा है- 'अब नई सहिबो, बदल के रहिबो।'

जहरीली शराब से मौत के लिए सरकार दोषी : चंदेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने जहरीली शराब पीने से 2 लोगों की मौत के लिये प्रदेश सरकार को कसूरवार ठहराते हुए कहा कि जहरीली व विषयुक्त शराब पीने से जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमोदा में 2 लोगों की मौत के लिये हजारों करोड़ रुपए का शराब घोटाला करने वाली सरकार जिम्मेदार है। श्री चंदेल ने कहा कि विगत 3 महीने पहले इसी क्षेत्र के ग्राम रोगदा में 3 परिवार जहरीली शराब से पूरी तरह उजड़ गये थे।

अभी इन परिवारों के आँसू सूख भी नहीं पाये हैं कि अब ग्राम अमोदा की यह घटना सामने आयी है।

दोनों मृतक किरण कुमार सूर्यवंशी और ललिता सूर्यवंशी अनुसूचित जाति से हैं। दोनों जहरीली शराब के सेवन से असमय काल के गाल में समा गये। श्री चंदेल ने कहा कि हम लोग एक नहीं अनेक बार शासन व प्रशासन को अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिये कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में ध्यान आकृष्ट कर चुके हैं, सड़क से लेकर सदन तक इस विषय को लेकर आंदोलन भी हुए, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि प्रदेश सरकार के संरक्षण में अवैध व जहरीली शराब का कारोबार खुलेआम गांव-गांव गली-गली में चल रहा है। शासन व प्रशासन के संरक्षण में इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है।

पृथ्वी शॉ ने काउंटी सीजन 2024 के लिए नॉर्थम्पटनशायर लौटने की पुष्टि की

नई दिल्ली। भारत के दाएं हाथ के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की काउंटी सीजन-2024 के दूसरे भाग के लिए नॉर्थम्पटनशायर में वापसी की पुष्टि हो गई है।पृथ्वी शॉ ने इस गर्मी में क्लब के साथ अपने कार्यकाल में तत्काल प्रभाव डाला, जिसमें घुटने की चोट के कारण उनका कार्यकाल छोटा होने से पहले समरसेट के खिलाफ 153 गेंदों में 244 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी भी शामिल थी।क्लब द्वारा जारी एक बयान में शॉ ने कहा, मैं अगली गर्मियों में नॉर्थम्पटनशायर वापस जाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। भले ही यह जल्दी खत्म हो गया था, लेकिन मैंने वास्तव में वहां अपने समय का आनंद लिया। इसका हिस्सा बनने के लिए यह एक शानदार क्लब है और मुझे लगा कि सभी ने तुरंत इसका स्वागत किया।अन्य काउंटी टीमों की गहरी रुचि के बावजूद, शॉ ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा एक और वर्ष के लिए नॉर्थम्पटनशायर लौटने की थी। जहां उन्हें काउंटी चैम्पियनशिप और वन डे कप दोनों में चयन के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है। उनका जून 2024 से सीज़न के

अंत तक क्लब के साथ जुड़ने का कार्यक्रम है।मेरा लक्ष्य हमेशा टीम के लिए गेम जीतने में मदद करना है और इस बार घायल होना और जल्दी छोड़ना बहुत निराशाजनक था। टूर्नामेंट के बाद कुछ टीमें मुझसे संपर्क कर रही थीं और अगले साल उनके लिए खेलने के बारे में बात करना चाहती थीं, लेकिन मुझे लगता है कि नॉर्थम्पटनशायर के साथ मुझे अभी भी बहुत कुछ हासिल करना है। उन्होंने इस साल मुझे मौका दिया और मैं वापस आकर बहुत खुश हूं।घुटने की चोट के कारण उनका कार्यकाल छोटा होने से पहले, 23 वर्षीय शॉ ने अपने 4 मैचों में 143 की औसत से 429 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 152 रहा और जिसमें उनका रिकॉर्ड तोड़ने वाला 244 रन लिस्ट ए के इतिहास में छठा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर था।मुख्य कोच जॉन सैडलर भी शॉ का ड्रेसिंग रूम में वापस स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जिनकी आखिरी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति 2021 में हुई थी।उन्होंने कहा, पृथ्वी एक शानदार बल्लेबाज हैं और उसने इतने कम समय में हमारे लिए जो किया वह अविश्वसनीय था।

वह अपनी चोट के कारण अधिक समय तक नहीं टिक पाने से पूरी तरह निराश थे क्योंकि वह कुछ और रेड-बॉल क्रिकेट खेलना चाहते थे। इसलिए, अगले साल उनके लिए ऐसा करने का मौका वास्तव में हम सभी के लिए रोमांचक है।

अल्काराज तीसरे दौर में पहुंचे, वावरिंका ने सिनर से भिड़ंत तय

न्यूयॉर्क। स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने दक्षिण अफ्रीका के उत्साही लॉयड हैरिस को 6-3, 6-1, 7-6(4) से हराकर 2023 यूएस ओपन की अपनी पहली कड़ी परीक्षा पास कर ली।

अल्काराज को अपने शुरुआती मैच में डोमिनिक कोपेफ़र (टखने) से दूसरे सेट में रिटायरमेंट मिल गया था, लेकिन शक्तिशाली 26 वर्षीय हैरिस के खिलाफ अपने खेल का तनाव परीक्षण करने का मौका मिला। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के यूएस ओपन चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त, अल्काराज ने सामने आए 10 ब्रेक प्वाइंट में से नौ का बचाव किया और तीसरे सेट के बीच में ब्रेक डाउन होने से उबर गए।

स्पैनियार्ड, जो रोजर फेडरर द्वारा 2004-2008 तक लगातार पांच खिताब जीतने के बाद से फ्लशिंग मीडोज में पहला बैक-टू-बैक चैंपियन बनने की कोशिश कर रहा है, के सीजन के रिकॉर्ड में 55-6 (हार्ड कोर्ट पर 18-3) का सुधार हुआ है। वह सीज़न के अपने सातवें और करियर के तीसरे प्रमुख खिताब का पीछा कर रहे हैं।हैरिस, जो बार-बार बड़े दूसरे सर्व के साथ अल्काराज को चुनौती देते थे, 2021 में यूएस ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट थे, लेकिन कलाई की चोट के कारण 2022 सीज़न के आखिरी छह महीनों में चूक गए।अल्काराज को तीसरे दौर में हाल के वाशिंगटन चैंपियन ब्रिटेन के डैनियल इवांस के खिलाफ एक कठिन परीक्षा का सामना करना पड़ेगा। दूसरी ओर, स्टैन वावरिंका ने पिछले वर्षों को पीछे छोड़ते हुए गुरुवार को यूएस ओपन में 30वीं वरीयता प्राप्त टॉमस मार्टिन एचेवेरी के खिलाफ बेसलाइन खेल में जीत हासिल की।वावरिंका, जिन्होंने 2016 में फ्लशिंग मीडोज में ट्रॉफी जीती थी, ने पुरानी मारक क्षमता और फिटनेस का प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना के खिलाड़ी को तीन घंटे, 39 मिनट में 7-6 (6), 6-7 (7), 6-3, 6-2 से हराया।जीत के बाद, वावरिंका ने छठी वरीयता प्राप्त इतालवी जानिक सिनर के खिलाफ तीसरे दौर में ब्लॉकबस्टर मुकाबला तय किया।सीज़न के अंतिम प्रमुख में अपनी 16वीं उपस्थिति बनाते हुए, 38 वर्षीय वावरिंका 1991 में 39 वर्षीय जिमी कॉनर्स के सेमीफाइनलिस्ट होने के बाद यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं।

भारत में लीजेंड्स लीग क्रिकेट की वापसी, 18 नवंबर से होगा आगाज

नई दिल्ली। एक सफल सीजन के बाद, एक बार फिर लीजेंड्स लीग क्रिकेट की वापसी हो रही है। यह सीजन 18 नवंबर से 9 दिसंबर तक भारत में खेला जाएगा। बैक टू बैक क्रिकेट का फैंस खूब मजा लूटने वाले हैं, क्योंकि वर्तमान में श्रीलंका और पाकिस्तान में चल रहे एशिया कप ने फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच रखा है। फिर, भारत में वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है और इसके तुरंत बाद लीजेंड्स लीग क्रिकेट खेला जाएगा। यानी क्रिकेट फैंस को रोमांच, थ्रिलर और हाई वोल्टेज मुकाबले का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा।लीजेंड्स लीग क्रिकेट का फ्रैंचाइजी सीजन का निश्चित रूप से खेल के शीर्ष दिग्गजों के भारत आने से रोमांच और बढ़ जाएगा।

भारत में नए स्थानों पर लीजेंड्स लीग क्रिकेट की वापसी से काफी उत्साह पैदा होने की उम्मीद है। आयोजकों ने घोषणा की कि लीग क्रिकेट प्रशंसकों के हित को ध्यान में रखते हुए उन स्थानों का चयन करेगी, जहां अंतराष्ट्रीय क्रिकेट ज्यादा नहीं खेला गया है जिससे खेल को बढ़ावा मिलेगा।इसमें कहा गया है कि लीग इस सीज़न में और अधिक खिलाड़ियों को जोड़ेगी, जिससे यह दर्शकों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक हो जाएगी। दोहा में पिछले सीज़न के दौरान कुछ शीर्ष खिलाड़ी, जिन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। जैसे सुरेश रैना, आरोन फिंच, हाशिम आमला, रॉस टेलर और क्रिस गेल समेत कई दिग्गजो ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेला और क्रिकेट के स्तर को आगे बढ़ाया।इंडिया कैपिटल्स ने सितंबर-2022 में खेला गया पहला सीजन जीता था। सूत्रों के मुताबिक, नए प्लेयर ड्राफ्ट पूल के साथ टीमों की रिटेंशन पॉलिसी की घोषणा जल्द ही की जाएगी।लीजेंड्स लीग क्रिकेट के कमिश्नर रवि शास्त्री ने कहा, इसे आगे बढ़ाएं, विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का हमेशा स्वागत है। खेल में और अधिक दिग्गजों के शामिल होने से मैदान पर और अधिक मज़ा आने की उम्मीद है। मेरे जैसा प्रशंसक यही तो चाहेगा।हम उम्मीद करते हैं कि लीग इस श्रेणी में प्रशंसकों और क्रिकेट बिरादरी के लिए सबसे अच्छे अनुभवों में से एक बन जाएगी। लीग सीजन दर सीजन महत्वपूर्ण विकास और सकारात्मक बदलावों का अनुभव कर रही है। भारत में अगली लीग के साथ, इसकी लोकप्रियता और बढ़ेगी।

वायकॉम 18 ने पांच साल के लिए हासिल किए बीसीसीआई के मीडिया राइट्स

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले पांच साल (2023-2028) के लिए मीडिया अधिकारों की नीलामी ई-ऑक्शन के जरिए कर दी है। वायकॉम18 ग्रुप ने ये राइट्स अपने नाम किए हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।भारत में होने वाले घरेलू क्रिकेट मैचों के लिए टीवी और डिजिटल मीडिया के राइट्स बिक गए हैं।शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अगले 5 वर्षों के लिए टीवी और डिजिटल दोनों के लिए बीसीसीआई मीडिया अधिकार जीतने के लिए वॉयकाम18 को बधाई। भारतीय क्रिकेट दोनों ही क्षेत्रों में आगे बढ़ता रहेगा क्योंकि आईपीएल और डब्ल्यूपीएलटी20 के बाद हम बीसीसीआई मीडिया राइट्स के साथ साझेदारी भी बढ़ाएंगे। वॉयकाम18, जो अपने टीवी चैनल स्पोर्ट्स18 और डिजिटल प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा के माध्यम से प्रसारण जगत में एक नया नाम है, 2027 तक महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के टीवी और डिजिटल अधिकारों का भी धारक है। इसके पास क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका मैचों के भारत में 2024-31 तक प्रसारित होने वाले मैचों का भी अधिकार है। वॉयकाम18 ने डिज्नी स्टार से बीसीसीआई के द्विपक्षीय मीडिया अधिकार ले लिए हैं, जिसने 2018-23 चक्र के लिए 6138 करोड़ रुपये में टेलीविजन और डिजिटल अधिकार जीते थे। डिज़्नी स्टार ने देश में भारतीय क्रिकेट के प्रसारण के 2012-18 चक्र के अधिकार 3851 करोड़ रुपये में जीते थे।

जोकोविच तीसरे दौर में,चीन के झांग झिझेन ने रचा इतिहास

न्यूयॉर्क। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लेम यूएस ओपन 2023 के तीसरे दौर में पहुंचकर एक बार फिर अपना दबदबा साबित किया। सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी ने स्पैनिश टेनिस खिलाड़ी बर्नाबे ज़पाटा मिरालेस को 6-4, 6-1, 6-1 से हराया। नोवाक का अब राउंड- 3 में हमवतन लास्लो जेरे से मुकाबला होगा। नोवाक ने लंबे समय के बाद यूएस ओपन टूर्नामेंट में खेलने पर खुशी व्यक्त की और कहा, मैं आप लोगों के सामने वापस आकर खुश हूं। यही बात मुझे 36 साल की उम्र में ताकत और प्रेरणा देती है। मुझमें अभी भी इस कोर्ट पर अपना सर्वश्रेष्ठ खेलने की भूख और इच्छा है। इस बीच 1973 में एटीपी रैंकिंग की शुरुआत के बाद से, चीन के झांग झिझेन शीर्ष पांच प्रतिद्वंद्वी को हराने वाले पहले पुरुष चीनी खिलाड़ी बन गए और इस प्रक्रिया में इतिहास रचा। 6-4, 5-7, 6-2, 0-6, 6-2 के स्कोर के साथ, दुनिया के 67वें नंबर के खिलाड़ी ने कैस्पर रूड को हराया, जो पिछले साल यूएस ओपन में उपविजेता रहे थे।रूड पर उनकी जीत चीनी पुरुष टेनिस के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ थी, क्योंकि झांग के शानदार प्रदर्शन ने उनकी दृढ़ता को दिखाया।समय के साथ, 26 वर्षीय झांग की उपलब्धियां

बढ़ती गई। पिछले दिनों, उन्होंने 86 वर्षों में फ्रेंच ओपन में मुख्य ड्रॉ मैच जीतने वाले चीन के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रचा था। वह मैड्रिड ओपन एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे। रूड पर झांग की हालिया जीत अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर चीनी पुरुष टेनिस को बेहतर बनाने की उनकी प्रतिबद्धता और संकल्प का प्रमाण है।यूएस ओपन के दूसरे दौर में स्विस खिलाड़ी डोमिनिक स्ट्राइकर ने सातवीं वरीयता प्राप्त यूनानके स्टेफानोस सितसिपास को पांच सेट के कड़े संघर्ष के बाद हराया। स्ट्राइकर ने रोमांचक मैच में सितसिपास को 7-5, 6-7(2), 6-7(5), 7-6(6), 6-3 के स्कोर से हराया और शीर्ष 10 में किसी खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत हासिल की।इस बीच, अमेरिकी फ्रांसिस टियाफो, टॉमी पॉल, कोको गॉफ और टेलर फ्रिट्ज ने यूएस ओपन में अपनी चमक जारी रखी और अमेरिकी प्रतिभा की ताकत का प्रदर्शन करते हुए तीसरे दौर में पहुंच गए। मौजूदा चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियाटेक को अपने दूसरे दौर के मैच में डारिया सैविले के खिलाफ कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा। 6-3, 6-4 से जीत के बावजूद स्वियाटेक की कड़ी परीक्षा हुई क्योंकि सैविले ने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया।यूएस ओपन के युगल के पहले दौर में ऑस्ट्रेलियाई मैथ्यू एबडेन और भारतीय रोहन बोपन्ना ने क्रिस्टोफर ओकोनेल और अलेक्जेंडर वुकिक की ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

कारोबार

यूट्यूब म्यूजिक के नाउ प्लेइंग स्क्रीन पर जोड़ा जाएगा कमेंट सेक्शन

नई दिल्ली। यूट्यूब म्यूजिक ने अपनी नाउ प्लेइंग स्क्रीन को एक नए कमेंट्स सेक्शन के साथ फिर से डिजाइन किया है, जो यूजर्स को सीधे ऐप से कमेंट्स पढ़ने और लिखने की अनुमति देता है। 9टू5गूगल की रिपोर्ट के अनुसार, रीडिजाइन को वर्तमान में वैश्विक स्तर पर आईओएस और एंड्रॉयड डिवाइस के लिए रोल आउट किया जा रहा है। नए कमेंट्स बटन यूट्यूब पर आधिकारिक म्यूजिक वीडियो की मौजूदा कमेंट्स दिखाता है। यूजर्स अपने खुद के कंटेंट भी टाइप कर सकते हैं, जो ऐप में ज्यादा आकर्षक सोशल कंपोनेंट को जोड़ता है।

कमेंट बटन कवर आर्ट के नीचे स्थित है। जब कोई यूजर्स बटन का चयन करता है, तो एक पैनल स्क्रीन पर ऊपर की ओर स्लाइड हो जाता है। कमेंट्स के आगे पसंद/नापसंद, सेव, शेयर, डाउनलोड और रेडियो के आइकन हैं, जो पहले छिपे हुए थे और केवल तभी एक्सेस किए जा सकते थे जब यूजर्स एल्बम कवर पर टैप करते थे। पिछले महीने के अंत में, यूट्यूब म्यूजिक ने म्यूजिक लवर्स के लिए ग्लोबल लेवल पर एंड्रॉयड और आईओएस पर लाइव लिरिक्स फीचर शुरू किया था।

'नाउ प्लेइंग' में मौजूदा लिरिक्स टैब को एक नए डिजाइन और बड़े टेक्स्ट के साथ अपग्रेड किया गया है जिसमें काफी बेहतर स्पेसिंग देखी गई है। जब गाना नेक्स्ट लाइन पर जाएगा तो पेज रिफ्रेश हो जाएगा और स्थानांतरित हो जाएगा। गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने भी घोषणा की है कि वह एंड्रॉइड पर एक नए फीचर्स का टेस्टिंग कर रहा है, जो यूजर्स को गुनगुनाकर प्लेटफॉर्म पर एक गाना सर्च करने की अनुमति देगा। एक्सपेरिमेंट में यूजर्स यूट्यूब वॉयस सर्च से नए सॉन्ग सर्च फीचर्स पर टॉगल कर सकते हैं, और जिस सॉन्ग को वे सर्च रहे हैं उसे तीन सेकंड से ज्यादा समय तक गुनगुना सकते हैं या रिकॉर्ड कर सकते हैं ताकि सॉन्ग की पहचान की जा सके।

छत्तीसगढ़ क्लस्टर फाइनल्स के विजेता बने शिवांश पाटले

नई दिल्ली। भारत की सबसे प्रतिष्ठित बिज़नेस क्विज़, टाटा क्रूसिबल कैम्पस क्विज़ 2023 के क्लस्टर 7 फाइनल्स में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), रायपुर के शिवांश पाटले विजेता बने है।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले, क्लस्टर 7 फाइनल्स में सभी प्रतियोगियों के बीच मुकाबला काफी कड़ा रहा। विजेता को 35,000 रुपयों के नकद इनाम से सम्मानित किया गया। साथ ही अब वह ज़ोनल फाइनल्स में हिस्सा लेने के लिए भी पात्र हो गए है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट (आईआईएम), रायपुर की नेहा गोयल ने उपविजेता का स्थान हासिल करते हुए 18,000 रुपयों का नकद इनाम जीता।

इस साल की कैम्पस क्विज़ के लिए देश में 24 क्लस्टर बनाए गए और ऑनलाइन प्रीलिम्स के दो लेवल्स के बाद हर क्लस्टर से अव्वल 12 फाइनलिस्टस् को वाइल्ड कार्ड फाइनल्स के लिए और उनमें से अव्वल 6 फाइनलिस्टस् को 24 ऑनलाइन क्लस्टर फाइनल्स के लिए चुना गया। इन 24 क्लस्टर्स को चार ज़ोन्स में ग्रुप किया गया है - दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और उत्तर। हर ज़ोन में 6 क्लस्टर्स हैं। ज़ोनल फाइनल्स भी ऑनलाइन लिए जा रहे हैं। नेशनल फाइनल्स ऑनलाइन नहीं होंगे, यह एक ग्राउंड इवेंट होगी।

क्लस्टर विजेता और उपविजेता को क्रमशः 35,000 और 18,000 रुपयों के नकद इनाम दिए जाएंगे। चार ज़ोनल फाइनल्स में जीतने वाले दो अव्वल प्रतियोगियों को नेशनल फाइनल्स में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।

नेशनल फाइनल्स में 8 फाइनलिस्टस् होंगे, जिनके बीच नेशनल चैम्पियनशिप के लिए मुकाबला होगा। टाटा क्रूसिबल कैम्पस क्विज़ के राष्ट्रीय विजेता को 2.5 लाख रुपयों का शानदार इनाम और प्रतिष्ठित टाटा क्रूसिबल ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

एक साल में सबसे तेज जीडीपी ग्रोथ, 7.8 फीसदी पर पहुंची

नई दिल्ली। वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितताओं के बावजूद भारत में वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में मजबूत घरेलू मांग और निवेश के समर्थन से सकल घरेलू उत्पाद (वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन) में एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। इस तरह भारत ने अप्रैल-जून 2023 की तिमाही में चीन के जीडीपी में वृद्धि को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से वृद्धि कर रही बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। चीन की आलोच्य तिमाही की वृद्धि 6.3 प्रतिशत थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा गुरुवार शाम को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 2023-24 की पहली तिमाही में स्थिर कीमतों पर (आधार वर्ष 2011-12) पर वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 40.37 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर रहने का अनुमान है, जबकि 2022-23 की पहली तिमाही में यह 37.44 लाख करोड़ रुपये था । इस तरह यह सालाना आधार पर तष्ठक्क में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2022-23 की पहली तिमाही में तष्ठक्क वृद्धि 13.1 प्रतिशत थी। पिछले साल के आंकड़ों में निम्न तुलनात्मक आधार का भी प्रभाव था। विशेषज्ञों ने पहली तिमाही के जीडीपी के आंकड़ों के बाजार के अनुमानों के अनुरूप बताया है लेकिन जिंस की कीमतों में गिरावट के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि का आंकड़ा कम रहने पर थोड़ी निराशा जताई है।

प्रदर्शन अमेरिकी बाज़ारों से रहा कमज़ोर

नई दिल्ली । जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि इस साल बाजार के प्रदर्शन की एक महत्वपूर्ण विशेषता अमेरिका के मुकाबले भारत का खराब प्रदर्शन है।जहां एसएंडपी 500 वाईटीडी 17.6 प्रतिशत ऊपर है, वहीं निफ्टी केवल 6. 3 प्रतिशत वाईडीडी ऊपर है। उन्होंने कहा, भारत में अपेक्षाकृत उच्च मूल्यांकन एक मजबूत रैली को बाधित कर रहा है।उन्होंने कहा कि हाल ही में इस साल अब तक कमजोर मानसून भी एक बड़ी चिंता के रूप में उभर रहा है। निकट भविष्य में अनुकूल वैश्विक संकेतों से बाजार स्थिर रह सकता है।

अमेरिकी उपभोक्ता सूचकांक बताता है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। यदि इस शुक्रवार को अपेक्षित पेरोल डेटा इस प्रवृत्ति की पुष्टि करता है, तो फेड जल्द ही एक और दर वृद्धि का सहारा नहीं लेगा। इस आकलन के कारण अमेरिकी बांड पैदावार और डॉलर सूचकांक में गिरावट आई है, इससे इक्विटी बाजार की धारणा में सुधार हुआ है। डॉलर में गिरावट सोने के लिए अनुकूल है। पूंजीगत सामान अब बाजार में एक मजबूत खंड है। उन्होंने कहा कि चिंता का विषय मिड-कैप और स्मॉल-कैप रैली में भाग लेने वाले शेयरों की खराब गुणवत्ता है। बीएसई सेंसेक्स 351 अंक ऊपर 65,427 अंक पर है। जियो फाइनेंशियल 5 फीसदी, टाटा स्टील 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर है।

सांसद पांडेय ने लकड़ी की तस्करी, अवैध कटाई पर उठाए सवाल

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने कबीरधाम जिले के वन क्षेत्र में वनों की लगातार हो रही कटाई, लकड़ी तस्कर व अतिक्रमणकारियों की बढ़ती सक्रियता को लेकर सवाल उठाए हैं।

साथ ही उन्होंने वन मंत्री व क्षेत्रीय विधायक की भूमिका पर भी सवाल उठाए। सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि ज़ब से राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी है और क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक व वन मंत्री बने हैं तब से जंगलों में वनों की अवैध कटाई व तस्करी बहुत बढ़ गई है। जंगल साफ होते जा रहे हैं। साल, सागौन, तिनसा जैसे बेसकीमती पेड़ों की अवैध कटाई बड़े पैमाने पर हो रही है। रिजर्व फारेस्ट एरिया में भी लकड़ी तस्कर व अतिक्रमणकारी सक्रिय हैं। जबकि उक्त एरिया में मवेशियों की चराई तक प्रतिबंधित है। गांव वालों व विभाग के छोटे कर्मचारियों के द्वारा अधिकारियों को उक्त विषय में अवगत कराया जाता है। लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं होती है। उन्होंने बताया कि जिले के वनांचल क्षेत्र रेंगाखार जंगल, समनापुर, झलमला, रोल, उसरवाही, खारा, पंडरीपानी, चिल्फी घाटी, बोदलपानी, मोहनपुर क्षेत्र में वनों की अवैध कटाई लगातार जारी है।

समनापुर सर्किल में रिजर्व फारेस्ट क्रमांक 129,130, 132 और पीएफ क्रमांक 339 में सैकड़ों पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। रेंगाखार जंगल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरमा रिजर्व फरेस्ट बीट क्रमांक 129 से घिरा हुआ है। इस क्षेत्र में करीब 200 एकड़ से अधिक वनक्षेत्र में अतिक्रमण हो चुका है। वन मंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध हो रही कटाई कई सवाल खड़े कर रही है। आज तक उक्त मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वन माफियों को किसका संरक्षण प्राप्त है, यह सबको मालूम है। वन मंत्री के कार्यकाल में विकास तो हुआ नहीं लेकिन जंगल का विनाश जरूर हो गया। क्षेत्र की जनता ने क्या इसीलिए उन्हें यहां का विधायक बनाया था। आने वाले समय में जनता इसका जवाब जरूर देगी।

मंत्री तो बाहरी हैं, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता

सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि वन मंत्री व क्षेत्रीय विधायक बाहरी हैं। रायपुर से आकर यहां विधायक बने हैं। उन्हें जिले की हालत और जंगल की दुर्दशा से कोई मतलब नहीं है। वनों से अच्छादित जिले के वन क्षेत्र को ग्रहण लग गया है। हरे भरे पेड़ों पर बेरहमी से कुल्हाड़ी चल रही है। जंगल कम हो रहें हैं। लेकिन विधायक तो बाहरी हैं उन्हें इससे न तो कोई फर्क पड़ता है और न ही उन्हें कोई दर्द होता है। जंगल की दयनीय हालत को देखकर वनांचलवासियों सहित जिलेवासियों को तकलीफहो रही है।

व्हाइट ऑयल के नाम पर बायोडीजल की तस्करी

रायपुर/नवप्रदेश। बीते छह माह से बंद हुआ बायोडीजल का कारोबार फिर से पनपने लगा है। इसे व्हाइट ऑयल के नाम से प्रदेश के अलग-अलग जिलों में सप्लाई किया जा रहा है।

विधानसभा में बायोडीजल की बिक्री को लेकर विपक्ष के हमले के बाद से कारोबार पर अंकुश लग गया था। अब फिर से मुंबई और गुजरात से इसकी तस्करी शुरू हो गई है। राजधानी में धरसींवा और सिलतरा से इसका कारोबार खुलेआम चल रहा है। बीते दिनों पाटेकोहरा आरटीओ बैरियर में दो टैंकर व्हाइट ऑयल पकड़े गए। यह टैंकर खंडाला से रायपुर और बिलासपुर के लिए निकले थे। इन टैंकरों को छोड़ने के लिए कई जगह से दबाव आने के बाद बिना प्रकरण बनाए ही छोड़ दिया गया। प्रदेश में नकली डीजल एवं पड़ोसी राज्यों से तस्करी के माध्यम से डीजल लाया जा रहा है। आयातित सफेद ऑयल परिवहन के लिए नहीं है। इसमें एमओटी मिलाकर बायोडीजल के नाम पर बेचा जा रहा है, जो कि पेट्रोल/डीजल विपणन कानून का उल्लंघन है. राष्ट्रीय व राज्यमार्ग पर इसकी बिक्री खुले आम की जा रही है।

ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

■ प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, मांगे पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। कोरिया जिला से अलग कर मनेन्द्रगढ़ जिला बनने के बाद चिरमिरी व भरतपुर के आमजनों के विरोध के बाद मनेन्द्रगढ़ जिले में मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के नाम से संयुक्त जिला की घोषणा हुई अब जिला धीरे धीरे पटरी पर आ भी रहा किन्तु अक्सर भरतपुर व चिरमिरी के निवासी सुविधाओं को लेकर जिला प्रशासन को घेरते रहे हैं । इसी कड़ी में भरतपुर के निवासियों ने जिला पंचायत ,रोजगार कार्यालय व जिला परिवहन कार्यालय की मांग की है।शासन प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए उन्होंने भरतपुर के अटल चौक मे चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया। साथ ही भरतपुर के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि सीएम भूपेश के आगामी 9 सितंबर को प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम में जिला पंचायत के साथ आरटीओ और रोजगार कार्यालय खोलने की घोषणा हो। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

विदित हैं कि कोरिया जिले का विभाजन कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नए जिला एमसीबी का निर्माण किया। जिसके बाद मनेंद्रगढ़ में जिला कलेक्टर कार्यालय और चिरमिरी में जिला अस्पताल की घोषणा की गई। लेकिन अभी तक भरतपुर को कुछ भी हासिल नही हुआ होने के बाद जनकपुर, भरतपुर के ग्रामीणों ने चक्काजाम किया। उनकी मांग है कि यहां जिला पंचायत कार्यालय के साथ आरटीओ और रोजगार कार्यालय खोला जाए।लोगो का कहना है कि मनेन्द्रगढ़ से 110 किमी दूर जनकपुर और कोटाडोल जैसे दूरस्थ क्षेत्रो में जिला स्तर के एक भी कार्यालय नही दिए गए हैं। जिससे जनकपुर के लोग खुद को छला महसूस कर रहे है। नाराज भरतपुर वासी आज जनकपुर में चक्काजाम कर दिया, जहां काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। साथ ही उन्होंने भूपेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनकपुर और कोटाडोल के लोगो को अब जिला अस्पताल के लिए चिरमिरी तक का सफर करना होगा। इस वजह से जनकपुर हॉस्पिटल से ज्यादा से ज्यादा केस अब भी मध्यप्रदेश राज्य के शहडोल रेफर होते हैं। जिसकी दूरी करीब 100 किमी है नवीन जिला बनने से भरतपुर को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नही मिल पा रहा ना ही यहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने जनप्रतिनिधियों के द्वारा कोई विशेष पहल नही किया गया साथ ही स्थानीय लोगों का कहना है कि नया जिला तो बना दिया गया, लेकिन जो सुविधाएं लोगों को मिलनी चाहिए उसके लिए अब भी 100 से 150 किलोमीटर का लंबा सफर तय करना होता है। क्योंकि सारे सरकारी दफ्तर जिला मुख्यालय में हैं ।वही नवीन एमसीबी जिला गठन को अब एक वर्ष पूरे होने को है। गत 9 सितंबर 2022 को जिले की आधारशिला रखी गई थी। एक साल होने को है, चुनाव सिर पर है ऐसे में अब लोग अपनी नाराजगी लेकर सामने आने लगे है। क्षेत्र में श्रीराम वन गमन पथ को लेकर मुख्यमंत्री का दौरा होना है। जिसमे वो जनकपुर को नगर पंचायत बनाए जाने की घोषणा कर सकते है।

इसके लिए नोटिफिकेशन भी जारी किया जा रहा है। इसके अलावा वे अन्य जिलास्तरीय कार्यालय देने की घोषणा भी कर सकते है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का कहना है कि यहां जिला पंचायत कार्यालय के साथ आरटीओ और रोजगार कार्यालय खोला जाए। ऐसा नहीं होने पर एमसीबी जिले से भरतपुर का नाम विलोपित कर दिया जाए। जिससे कि एमसीबी से अलग नवीन जिले की मांग वे कर सकें।

आंदोलन खत्म

'ग्रामीणों ने जिला पंचायत की मांग को लेकर चक्काजाम किया था । मांगों का ज्ञापन लिया गया है। आश्वासन के बाद आंदोलन खत्म कर दिया गया हैं। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया हैं।

– मनहरण सिंह राठिया
तहसीलदार भरतपुर ।

कबीर पंथी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन

बेरला/नवप्रदेश। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा ग्राम कोसपातर (बारगांव) में विधायक निधि से स्वीकृत पांच लाख की लागत से बनने वाले कबीर पंथी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन शुक्रवार को किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कबीरपंथी समाज धर्मनगर दामाखेड़ा के परम पूज्य गुरु देसाई डॉ भानुप्रताप साहेब, अध्यक्षता बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा, विशिष्ट अतिथि बेरला जनपद अध्यक्ष हीरा देवी वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विजय पारख, कबीर पंथ समाज के अध्यक्ष तखत राम साहू सहित ग्राम बारगांव की सरपंच धनेश्वरी चंदेल, उपसरपंच सच्चिदानंद मिश्रा, सचिव लवकुश मानिकपुरी, शिवकुमार साहू, भगतराम साहू, श्याम साहू, कोमल साहू व समस्त कबीर समाज कोसपातर व आमिन महिला मंडल कोसपातर मौजूद रहे।

कबीर पंथी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के भूमिपूजन अवसर पर परम पूज्य गुरु देसाई डॉ भानु प्रताप साहेब ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कोसपातर (बारगांव) में सामुदायिक भवन की बहुत आवश्यकता थी। सामुदायिक भवन नहीं होने के कारण कार्यक्रम ठीक से आयोजित नहीं हो पाता था। आज यह कमी पूरी हो गई है। विधायक आशीष छाबड़ा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नवीन सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन क्षेत्रवासियों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। विधायक छाबड़ा ने कहा कि सामुदायिक भवन की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो आज पूरी हो गई। उन्होंने इसके लिए क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 105 पाव देशी शराब जब्त किया है। टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर श्रीराम ताजनगर संतोषी नगर में दबिश देकर अवैध शराब के साथ आरोपी सहनवाज खान 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 83 पाव देशी शराब जब्त किया है।

गोदाम के दराज से 70 हजार पार

रायपुर/नवप्रदेश। आदर्श विहार कालोनी गुढ़ियारी में अज्ञात चोर ने ऑफिस का दीवाल फांदकर दराज में रखे नकदी 70 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी प्रमोद लालानी 35 वर्ष आदर्श विहार कालोनी गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी के ऑफिस का गोदाम का दीवाल फांदकर अज्ञात चोर ने प्रवेश किया। और दराज में रखे नकदी 70 हजार रुपए पार कर दिया।

श्रवण मरकाम ने दिया संवेदनशीलता का परिचय

नगरी/नवप्रदेश। विधानसभा सिहावा भाजपा प्रत्याशी श्रवण मरकाम नें रोड में घायल हुए युवक को देखकर अपनी वाहन रोक कर नजदीकी अस्पताल में अपनी वाहन से ले जाकर उपचार कराया। धमतरी नगरी मेन रोड के ग्राम गोहाननाला में मोटरसाइकिल दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी जिसमें बाइक चालक को गंभीर चोट आई हुई थी। मेन रोड से गुजरते हुए श्रवण मरकाम ने देखा कि रोड में भीड़ लगी हुई है दुर्घटना होने के कारण। अपनी गाड़ी से उतरकर अपने निजी वाहन द्वारा दुर्घटना ग्रसित चालक को प्राथमिक उपचार हेतु दुगली उपस्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बताया जा रहा है दुघर्टना ग्रस्त चालक का नाम रतनू यादव गुरुर निवासी है। श्रवण मरकाम ने अस्पताल में कर्मचारियों को अच्छे से उनका उपचार करने का निर्देषित किया।

अवैध रेत परिवहन : जेसीबी, ट्रैक्टर, हाइवा जब्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में गौण खनिज के अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के निकट ग्राम केशोडार में अवैध मुरुम उत्खनन एवं परिवहन कर रहे एक जेसीबी एवं ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। विगत कुछ दिनों से यहां से लगातार मुरुम खनन कि शिकायत मिल रही थी। जिस पर आज शुक्रवार को कार्यवाही की गई। मौके पर मुरुम खनन कर रहे जेसीबी तथा मुरुम परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना सीटी कोतवाली में खड़ा किया गया है। इसी तरह राजिम क्षेत्र में भी अवैध रेत परिवहन कर रहे हाइवा को जब्त किया गया है।

खनिज अधिकारी एफ आर नागेश के अनुसार सभी पर छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

पूर्व विवाद को लेकर युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम धनेली में पूर्व विवाद को लेकर पांच लोगों ने जबरन एक युवक के घर में घुसकर लाठी-डंडा से मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी कुलदीप वर्मा 19 वर्ष ग्राम धनेली का रहने वाला है। बताया जाता है कि वहीं गांव में ही रहने वाले आरोपी योगेश साहू, गवीन साहू, चुम्मन, सुनील व अन्य ने जबरन प्रार्थी के घर प्रवेश कर पूर्व में हुए विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 452, 294, 506, 323, 147, 148 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

विद्यार्थियों ने लिया स्वच्छता का शपथ

बेरला/नवप्रदेश। शा.पू.मा.शाला सोंढ़ वि.ख.-बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. में स्वच्छता पखवाड़ा के सुअवसर पर प्रथम दिवस शाला के समस्त शिक्षक एवं विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता शपथ लिया।

स्वच्छता शपथ कक्षा 8वीं के हर्षिता द्वारा शपथ पत्र पढ़कर सभी विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण दिलाया। एवं संस्था के संस्था प्रमुख व्ही.के मार्कण्डेय द्वारा बच्चों को स्वच्छता के महत्व को समझाया एवं हमेशा अपने आसपास को स्वच्छ रखने हेतु शिक्षा दिया गया। बाल सांसद के मुख्यमंत्री नागेश्वर ,उपमुख्यमंत्री प्रज्ञा, सफाई मंत्री मनीष,उप सफआईमंत्री नीतेश , जलमंत्री तनुजा,उपजलमंत्री विवेक एवं विभिन्न मंत्री गरिमा, नमन, यशराज, भारत, धनराज,रिंकी, गीतांजलि, ईश्वर, गजेन्द्र, अविनाश, खुशी, देवेन्द्र, युवराज तथा मध्यान्ह भोजन संचालक श्री चंपालाल एवं संस्था के शिक्षक सुश्री सुरेखा भतपरे, ऐश्वर्या परगनिहा एवं मयंक टंडन भी शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए।